राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

# प्रातः किरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 अगर इंसाफ है, तो इंडिया सेफ है, अगर संविधान बरकरार है.........

शेख हसीना के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी कर सकता है बांग्लादेश....... 12

वर्ष : 15 | अंक : 205 | नई दिल्ली, सोमवार, 11 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# राजस्थान में उपचुनाव में मतदान केन्द्र और निर्वाचन प्रक्रिया होगी इको-फ्रेंडली : महाजन

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान में तेरह नवंबर को सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के दौरान पूरी मतदान प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल (इको-फ्रेंडली) होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत चुनाव के दौरान क्रियान्वित होने वाली विभिन्न गतिविधियों को पर्यावरणीय अनुकूलता के मापदंडों के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा। इसमें मतदान दलों को दी जाने वाली चुनावी सामग्री की पैकेजिंग प्लास्टिक-फ्री मैटेरियल से की जाएगी। साथ ही खाने-नाश्ते के लिए कागज के पैकेट एवं दोने-पत्तल, पेयजल के लिए प्लास्टिक बोतल की जगह घड़े से पानी और चाय आदि के लिए केतली एवं कुल्हड़ का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग उपचुनाव के दौरान निष्पक्ष, निर्भीक एवं पारदर्शी चुनाव के लिए वेबकास्ट प्रक्रिया का अधिक विस्तार करेगा। इस क्रम में मतदान कक्ष से मतदान प्रक्रिया की सीसीटीवी फीड के साथ ही कक्ष के बाहर से भी लाइव कवरेज की मदद से मतदाताओं की कतार और कानून-व्यवस्था का प्रबंधन किया जाएगा। साथ ही पूरी मतदान पक्रिया को इको-फ्रेंडली बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। श्री महाजन ने बताया कि इस नवाचार के लिए मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त कैमरा स्थापित किए जाएंगे और वेबकास्ट कवरेज के लाइव स्ट्रीमिंग पर निगरानी और विश्लेषण के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलों के अभय कमांड केसेंटर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और निर्वाचन आयोग के स्तर तक सतत निगरानी के लिए विशेष टीवी स्क्रीन लगाए जाएंगे। इन टीवी स्क्रीन पर लाइव वीडियो कवरेज में मतदान कक्ष के बाहर मतदाताओं की कतारों पर नजर रखी जाएगी। मतदाताओं की कम संख्या या अनुपस्तिथि वाले मतदान केन्द्रों की पहचान कर स्थानीय स्वीप टीम को सूचना भेजी जाएगी, जिससे हेला टोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। कतार लम्बी होने, धीमी गति से मतदान होने, मतदान केन्द्र पर अधिक भीड़ जमा होने या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका पर बेहतर निगरानी कर उसका प्रबंधन भी अविलंब किया जा सकेगा।श्री महाजन ने कहा कि इको-फ्रेंडली चुनाव के तहत आवश्यकता होने पर पोस्टर-बैनर आदि की छपाई कागज पर की जाएगी। मतदान दलों के रवानगी केन्द्रों, मतदान और मतगणना केन्द्रों आदि को 'क्लीन एवं ग्रीन' तथा तम्बाकू-मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा, जिसके तहत यहां बीड़ी-सिगरेट, गुटखा, पान-मसाला आदि के उपयोग पर प्रतिबन्ध रहेगा। इससे इन स्थानों पर खाली पाऊच आदि के कचरे से बचाव हो सकेगा. मतदान केन्द्र आदि को 'क्लीन एवं ग्रीन' रखने के लिए कचरा प्रबंधन पर फोकस करते हुए यहां गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग होगा. डाक मतपत्रों की गणना के लिए रियूजेबल ट्रे और कंटेनर का उपयोग होगा।उन्होंने बताया कि मतदान दलों के पास वाहनों के नम्बर, लोकेशन, ड्राइवर एवं सेक्टर अधिकारी आदि का विवरण फोन पर उपलब्ध होगा, जिससे कागज के अनावश्यक उपयोग से बचा जा सकेगा. मतदान केन्द्रों पर प्लास्टिक-फ्री सेल्फी-पॉइंट तैयार किए जाएंगे और मतदान केन्द्र परिसर में विशेष मतदाताओं, जैसे बुजुर्ग, दिव्यांग, नवमतदाता आदि से पौधारोपण करवाया जाएगा। इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी बीएलओ की होगी।श्री महाजन ने बताया कि पर्यावरण के अनुकूल चुनाव प्रबंधन के तहत उम्मीदवारों और राजनैतिक दलों के साथ भी प्लास्टिक-मुक्त प्रचार सामग्री के उपयोग के लिए समझाइश की जानी चाहिए। साथ ही, उम्मीदवारों के यहां जलपान, खाने अथवा पानी के लिए एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग अनुमत नहीं करने पर भी विचार किया जा सकता है. निर्वाचन विभाग द्वारा विभिन्न स्तर पर चुनावी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सामग्री सॉफ्ट कॉपी में साझा किया जाए। सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दल को प्रशिक्षण के दौरान ही ग्रीन एवं क्लीन पोलिंग बूथ की संकल्पना की जानकारी दी जाए तथा इसे साकार करने के लिए स्थानीय एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं विधार्थियों के माध्यम से जागरूकता और इको-फ्रेंडली मतदान के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। उपचुनाव के दौरान लाइव वेबकास्ट के विस्तार की योजना और पर्यावरण के अनुकूल चुनाव प्रबंधन के लिए सभी सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग को भी इस बारे में रिपोर्ट भेजी गई है। आयोग ने राजस्थान में की जा रही पहलों को अन्य राज्यों में अपनाने के क्रम में इन नवाचारों की कार्य योजनाएं साझा करने को कहा है। निर्वाचन विभाग ने इस विषय में आयोग के साथ विस्तृत जानकारी साझा कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र सरकार ने स्वच्छता कैंपेन में कबाड़ बेच कमाए 650 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अक्टूबर में चले स्वच्छता अभियान के तहत निकले कबाड़ को बेचकर 650 करोड़ रुपये से अधिक की आय आर्जित की है। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय द्वारा दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिदेर्शों से प्रोत्साहित होकर 2021-24 के बीच चलाए गए स्पेशल कैंपेन के तहत 2,364 करोड़ रुपये की आय कबाड़ को बेचकर प्राप्त हुई है। इससे अधिकारियों के लिए अधिक ऑफिस स्पेस फ्री हुआ है और दक्षतापूर्ण कार्य करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्पेशल कैंपेन 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था। स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया।

# कांग्रेस व जेएमएम की साजिश से सर्तक रहना है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने झारखंड के बोकारों में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

● बोलें- ये सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी**

बोकारो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो जिले के चंदनक्यारी में भाजपा, आजसू, जेडीयू और लोजपा के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। श्री मोदी ने कहा कि झारखंड के तेज विकास के लिए सबका प्रयास हो इसकी जरूरत है। इसलिए आप सभी को कांग्रेस जेएमएम की बहुत बड़ी साजिश से सर्तक रहना है। सजग रहना है। कांग्रेस जेएमएम की चौकड़ी ने नया खेल खेलना शुरू किया है। ये सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकती है। कांग्रेस हमेशा से एससी, एसटी, ओबीसी की एकता की घोर विरोध रही है। आजादी के बाद हमार दलित समाज, हमारा एससी समाज बिखरा रहा, हमारा आदिवासी भाई बहना बिखरा रहा, हमारा ओबीसी समाज बिखरा रहा तब तक कांग्रेस बांटो और राज छीनों के सिद्धांत पर मजे से केंद्र में सरकार बनाती रही। लेकिन जैसे ही समाज एकजुट हुआ। हमारे दलित समाज के भाई बहन एससी के रूप में उनकी पहचान बनी। आदिवासी भाई बहन की एसटी के रूप में पहचान बनी तो कांग्रेस ने कभी भी पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार नहीं बना पाई।

**ओबीसी की सामूहिक ताकत को तोड़ने की साजिश :**

उन्होंने कहा कि 1990 में ओबीसी समाज को आरक्षण मिला। ओबीसी के अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुट गया उसके बाद से कांग्रेस आज तक लोगसभा में 250 सीटें नहीं जीत पाई। ओबीसी की सामूहिक ताकत को उसको तोड़ना चाहती है। और ओबीसी की ताकत को तोड़कर उन्हें सैंकड़ों अलग अलग जातियों में बांटना चाहती है। कांग्रेस जेएमएम वाले जातियों को एक दूसरे से लड़ाना चाहती है। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी छोटी जातिया खुद को ओबीसी मानना छोड़ दे और अपनी अपनी जातियों में ही उलझी रहे। क्या आप भी चाहते ही कि ओबीसी समाज 100 टुकड़ों में बंट जाए। ऐसा अगर टूट गये तो आपकी आवाज कमजोर हो जाएगी। कोई भी नहीं चाहता है कि समाज बिखरे। इसलिए हमेशा याद रखना है कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

**भाजपा घुसपैठियों पर लगाम लगाएगी :**

श्री मोदी ने कहा कि झारखंड के नौजवान बहुत बड़ी संख्या में सेना में है। जम्मू काश्मीर में आतंक के दौर में हमने अनेक जवानों को खोया है। इसका बहुत बड़ा कारण 370 की दीवार थी। मोदी ने उस 370 की दीवार को जमीन में गाड़ दिया। आपके सहयोग से झारखंड में भाजपा यहां घुसपैठियों पर लगाम लगाएगी। आपकी बेटियां सुरक्षित हो, आपकी जमीन सुरक्षित हो इसके लिए यहां भाजपा एनडीए की सरकार बहुत जरूरी है। साथियों हमें ऐसा झारखंड बनाना है कि जो देश के टॉप के समृद्ध राज्यों में गिना जाए।

**जनता की पहली पसंद भाजपा और एनडीए :**

पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में झारखंड में मुझे जहां-जहां जाने का अवसर मिला, वहां हर रैली पहले वाली रैली का रिकॉर्ड तोड़ देती है। गुमला की रैली में आए लोगों की भीड़ बताती है कि हवा का रुख क्या है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने और झारखंड की पहचान बचाने के लिए यहां भाजपा सरकार चाहिए। नौजवानों को नौकरी और महिलाओं को सुरक्षा मिले, इसके लिए भाजपा की सरकार चाहिए। आज आदिवासी, ओबीसी और दलितों की पहली पसंद भाजपा और एनडीए है। इसलिए मैं आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आपको भाजपा, आजसू, जेडीयू और लोजपा के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना है।

# दिल्ली वायु प्रदूषण में मामूली गिरावट, 335 दर्ज किया गया औसत एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के वायु प्रदूषण में पिछले कुछ दिनों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के बाद मामूली गिरावट देखने को मिली। रविवार को यहां पर औसत औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया। हालांकि यह अभी भी बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। केंद्रीय नियंत्रण एवं प्रदूषण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 335 दर्ज किया गया। दीपावली से लगातार 350 के आस-पास या इससे ऊपर रहने के बाद एक्यूआई में पहली बार गिरावट देखने को मिला। दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 166, गुरुग्राम में 240, गाजियाबाद में 226, ग्रेटर नोएडा में 250, नोएडा में 206 एक्यूआई दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के अधिकांश इलाके में एक्यूआई 300 से 400 के बीच में दर्ज किया, जिसमें अलीपुर में 356, आनंद विहार में 351, अशोक विहार में 353, आया नगर में 343, बवाना में 383, बुराड़ी क्रॉसिंग में 331, मथुरा रोड में 323, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 348, डीटीयू में 311, द्वारका सेक्टर 8 में 341, आईजीआई एयरपोर्ट में 326 और आईटीओ में 328 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा जहांगीरपुरी में 370, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 323, लोधी रोड में 307, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 357, मंदिर मार्ग में 387, मुंडका में 358,नजफगढ़ में 341, नरेला में 356, नेहरू नगर में 363, नॉर्थ कैंप में 328, एनएसआईटी द्वारका में 333, ओखला फेस टू में 339, पटपड़गंज में 345, पंजाबी बाग में 352, पुषा में 332, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 368, रोहिणी में 366, शादीपुर में 342, सिरी फोर्ट में 345, विवेक विहार में 354 और वजीरपुर में 366 एक्यूआई बना हुआ है। अगर एक दिन पहले दिल्ली के एक्यूआई की बात करें तो शनिवार को केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में सुबह 6:15 बजे तक औसत एक्यूआई 363 अंक बना हुआ था। वहीं, शुक्रवार को 383 दर्ज किया गया, जो बेहद की खराब श्रेणी में माना जाता है। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक्यूआई के वर्गीकरण के अनुसार 0 से 50 को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब और 301 से 400 को बहुत खराब की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा 401 से 500 को गंभीर और 450 से अधिक एक्यूआई होने पर गंभीर प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

# महाराष्ट्र चुनाव : एमवीए का घोषणापत्र जारी, महाराष्ट्रनामा में जनता को दी 5 गारंटी

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र ह्यमहाराष्ट्र नामाह्व जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाविकास अघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत, एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले, कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल और अन्य नेता भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एमवीए का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश का भविष्य बदलने वाला चुनाव है।हम यहां महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाएंगे, तभी राज्य प्रगति करेगा। किसान, महिला, युवा समेत प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल होगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणापत्र के जरिए महाराष्ट्र की जनता को 5 गारंटी दी। जिसमें महिलाओं को ह्यमहालक्ष्मीह्व के तहत 3 हजार रुपये देने का ऐलान किया है, वहीं किसानों को 3 लाख रुपये तक कर्ज माफ और कुटुंब रक्षा के तहत 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की है। इसके साथ ही एमवीए ने जातिगत जनगणना का वादा भी किया है। महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने अपने घोषणा पत्र में महालक्ष्मी के अलावा महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा देने का वादा किया है। एमवीए ने कुटुंब रक्षा के तहत महाराष्ट्र की जनता को 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवा देने का ऐलान किया है। महाविकास अघाड़ी ने बेरोजगारों को हर महीने 4 हजार रुपए की मदद देने की घोषणा की है। महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने समानता की गारंटी के तहत अपने घोषणा पत्र में जातिगत जनगणना कराने का ऐलान किया है। साथ ही 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने की बात भी कही है। इसके अलावा एमवीए ने कृषि समृद्धि के माध्यम से किसानों का 3 लाख रुपये तक कर्ज माफ करने का वादा किया है और नियमित कर्ज चुकाने पर 50 हजार का प्रोत्साहन देने की भी घोषणा की है। महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होंगे, जबकि चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में महायुति की सरकार है और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, सेना के चार जवान घायल



**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के चार जवान घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दो ग्राम रक्षा गार्ड की हत्या के बाद आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि केशवान के जंगलों में पूर्वाह्न करीब 11 बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश दलों ने छिपे हुए आतंकवादियों की केशवान वन में घेराबंदी की। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल उस स्थान से कुछ किलोमीटर दूर है, जहां पर वीडीजी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के गोलियों से छलनी शव मिले थे। उन्होंने कहा कि दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या के बाद कुंतवाड़ा और केशवान के जंगलों में बृहस्पतिवार शाम से आतंकवाद रोधी अभियान जारी है। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्व पर जारी एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यआतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, किश्तवाड़ के भारत रिज क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। यह वही समूह है जिसने दो निर्दोष ग्रामीणों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी। उन्हें चुनौती दी गई और गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती गोलीबारी में सेना के चार जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन की हालत ह्यगंभीरह्व बताई गई है। इससे पहले, एक पुलिस प्रवक्ता ने भी पुष्टि की थी कि दो वीडीजी की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ चल रही है। अधिकारी ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि इलाके में तीन या चार आतंकवादी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी है तथा अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# सागर परिक्रमा के पहले चरण में ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं नौसैनिक अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। दुनिया का चक्कर लगाने को निकली भारतीय नौसेना की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. सागर परिक्रमा के अपने चुनौतीपूर्ण अभियान पर हैं। इस अभियान के पहले चरण में 38 दिनों तक समुद्र में कठिन मौसम का सामना करने के बाद वे भारत से फ्रीमैंटल, ऑस्ट्रेलिया पहुंची हैं। सागर परिक्रमा के तहत दोनों महिला अधिकारी 40 हजार किमी से अधिक की दूरी तय करेंगी। रविवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और रूपा ए. यहां कुछ आराम करेंगी। इस दौरान वे यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी भी करेंगी। इनकी यात्रा नाविका सागर परिक्रमा दो अक्टूबर को गोवा के आईएनएस मंडोवी के महासागर नौकायन नोड से प्रारंभ हुई थी। इंडियन नेवी का कहना है कि नौसेना के समुद्री नौकायन इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नाविका सागर परिक्रमा 21,600 समुद्री मील या लगभग 40 हजार किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए पांच चरणों में पूरी होगी। अपनी यात्रा में यह रखरखाव आदि के लिए चार बंदरगाहों पर रुकेगी। यात्रा का पहला चरण गोवा से फ्रीमैंटल, ऑस्ट्रेलिया है, जो पूरा हो गया है। दूसरे चरण में फ्रीमैंटल से लिटलटन, न्यूजीलैंड तक की यात्रा की जाएगी। इसके उपरांत लिटलटन से पोर्ट स्टेनली, फॉकलैंड। पोर्ट स्टेनली से केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका व केपटाउन से वापस गोवा आएंगे। नौसेना के मुताबिक यह यात्रा 8 महीने की अवधि में पूरी होगी। इन आठ महीनों में महिला अधिकारियों की यह जोड़ी बिना किसी बाहरी सहायता के केवल पवन ऊर्जा पर निर्भर रहेगी। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. व रूपा ए. यात्रा में सबसे खतरनाक समुद्री मार्गों से भी गुजरेंगी। इन खतरनाक समुद्री मार्गों में तीन महान केप शामिल हैं, इनमें केप लीउविन, केप हॉर्न और केप ऑफ गुड होप के आसपास का खतरनाक मार्ग शामिल है। नौसेना का मानना है कि यह यात्रा न केवल महिला अधिकारियों की व्यक्तिगत बहादुरी और कौशल का प्रमाण है, बल्कि उनकी अदम्य भावना और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करते हुए महिला सशक्तीकरण के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता का उत्सव भी है। नौसेना की अधिकारी आईएनएस तारिणी पर सवार हैं। 56 फुट का यह पोत तारिणी 18 फरवरी 2017 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। इसने अभी तक 66 हजार समुद्री मील से अधिक की दूरी तय की है। यह नाव उन्नत नेविगेशन, सुरक्षा और संचार उपकरणों से सुसज्जित है। इन तैयारी के साथ भारतीय नौसेना की अधिकारी नाविका सागर परिक्रमा अभियान के दूसरे संस्करण के साथ दुनिया का चक्कर लगाने के एक असाधारण मिशन पर हैं। इस अभियान की कल्पना 2017 में भारतीय नौसेना के नाविका सागर परिक्रमा के उद्घाटन के साथ की गई थी, जो छह अधिकारियों के एक महिला दल द्वारा दुनिया की पहली भारतीय यात्रा थी। हालांकि, इस अभियान का दूसरा संस्करण असाधारण है, क्योंकि यह दोनों अधिकारी डबल हैंड मोड में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली भारत से पहली अधिकारी होगीं। यह अभियान दक्षिणी नौसेना कमान के तहत किया जा रहा है। कमान नोडल केंद्र, अंतरराष्ट्रीय समुद्री एजेंसियों और अधिकारियों के साथ मिलकर यात्रा का समन्वय कर रहा है।

**संकल्प पत्र** 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है..............

# बाला साहेब और सावरकर का अपमान करने वालों का साथ दे रहे हैं उद्धव : शाह

**मुंबई, एजेंसी**





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे उस कांग्रेस का साथ दे रहे हैं जिसके नेताओं ने बालासाहेब ठाकरे और वीर सावरकर का अपमान किया है। शाह ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं कि क्या वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी से वीर सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द कहने का अनुरोध कर सकते हैं। शाह ने कहा, क्या कांग्रेस का कोई नेता बालासाहेब ठाकरे के सम्मान में कुछ शब्द कह सकता है। उन्होंने कहा, अच्छा होगा कि महाराष्ट्र के लोग उन लोगों को जान लें जो ऐसे विरोधाभासों के बीच गठबंधन सरकार बनाने का सपना लेकर आए हैं। शाह ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, उलेमाओं के एक संगठन ने अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण की मांग की है और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने इस पर सहमति जताई है। शाह ने कहा, ह्यह्यक्या महाराष्ट्र के लोग अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण का अधिकार मुसलमानों को देने के पक्ष में हैं? उन्होंने कहा, हमारे संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। फिर भी कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले आरक्षण का वादा किया, लोगों को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए। शाह ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्थर की लकीर हैं। उन्होंने कहा, चाहे केंद्र हो या राज्य, जब हमारी सरकार बनती है, हम अपने संकल्प पूरे करते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी के चुनावी वादे विचारधारा का अपमान हैं और तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में चुनाव पूर्व किए गए वादों से मुकर गई है और महा विकास आघाडी की कोई विश्वसनीयता नहीं है। शाह ने कहा, ह्यह्यशरद पवार को महाराष्ट्र के लोगों को बताना चाहिए कि संप्रग सरकार में 10 साल तक मंत्री रहते हुए उन्होंने लोगों के लिए क्या किया। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र सदियों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करता रहा है। भक्ति आंदोलन महाराष्ट्र से शुरू हुआ, गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी महाराज ने यहीं से शुरू किया, सामाजिक क्रांति भी यहीं से शुरू हुई और महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं की झलक हमारे संकल्प पत्र में दिखती है।

# दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण के चलते सैलानियों से गुलजार हुआ नैनीताल

**नैनीताल, एजेंसी।**
वीकेंड पर सैलानियों से शहर में पर्यटकों की आमद बढ़ने से अधिकांश होटल पैक हो गए और पार्किंग स्थल भी सैलानियों के वाहनों से पट गए। रविवार को भी सैलानियों के बड़ी संख्या में नैनीताल पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

नगर में शुक्रवार से ही सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था, यह क्रम शनिवार देर शाम तक जारी रहा। पर्यटकों का रैला उमड़ने से शनिवार को नगर की यातायात प्रभावित बुरी तरह प्रभावित हुई और यहां कई बार जाम भी लगा।

गुजरात समेत दिल्ली एनसीआर व उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से काफी सैलानी पहुंचे हैं। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के चलते सैलानी निरंतर सरोवर नगरी की ओर पहुंच रहे हैं। आने वाले दिनों में भी बड़ी संख्या में सैलानियों के नैनीताल पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

इधर शनिवार को नगर के आसपास के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलज़ार नजर आए। इस बीच अच्छी खासी संख्या में पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। इसके अलावा स्नोव्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालय दर्शन, सरिताताल, बाटनिकल गार्डन व अन्य पर्यटन स्थलों में भी काफी चहल-पहल रही।

साथ ही मालरोड व पंत पार्क समेत बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। इस बीच माल रोड तथा मल्लीताल में मोहन को से लेकर हाई कोर्ट रोड तथा रिक्शा स्टेंड के आसपास जाम लगने से वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कैंची धाम में शनिवार को बाबा नींब करौरी महाराज के भक्तों का रैला उमड़ पड़ा। अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से काफी देर तक हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। पार्किंग फुल होने से श्रद्धालुओं को हाईवे किनारे ही अपने वाहन पार्क करने पड़े।



कैंची पुलिस की टीम दिनभर व्यवस्था बनाने में जुटी रही। हाईवे पर स्थित सुप्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु जुटना शुरू हो गए। मंदिर के द्वार खुलने के साथ ही बाबा नींब करौरी महाराज के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा के दर पर मत्था ठेका। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ कर सुख, शांति व समृद्धि को प्रार्थना की। दिन चढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या हजारों तक पहुंच गई। मंदिर के मुख्य द्वार से हाईवे तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। दोपहर तक क्षेत्र में स्थित पर्यटन विभाग की पार्किंग व अन्य निजी पार्किंग वाहनों से फुल हो गई। पार्किंग में जगह न मिलने से श्रद्धालुओं को हाईवे किनारे ही वाहन पार्क करने पड़े। हाईवे पर भी दिनभर वाहन रेंगते रहे। इससे पहाड़ की ओर आवाजाही कर रहे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हाईवे पर यातायात व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए पुलिसकर्मियों ने दिनभर पसीना बहाना पड़ा।

## हल्द्वानी में शराब विभाग के डिप्टी और ज्वॉइंट कमिश्नर के कार्यालयों को मकान मालिक ने खाली करवाया, अधिकारी हुए बेघर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** सरकार कुमाऊं में शराब से सालाना 771 करोड़ का राजस्व तो हासिल कर रही है, लेकिन राजस्व दिलाने वाले अधिकारियों के बैठने के लिए एक अदद सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं करा पा रही है। कुमाऊं मंडल के डिप्टी व ज्वॉइंट कमिश्नर के कार्यालय वर्षों से किराए पर चल रहे हैं। अब स्थिति ये है कि दोनों अधिकारियों के कार्यालय को मकान मालिक ने खाली करवा दिया है। ऐसे में दोनों अधिकारी बे-घर हो गए हैं। अब न घर मिल रहा और बैठने के लिए उचित ठिकाना। कार्यालयों का सामान शराब विभाग के दफ्तर में पड़ा है। नए कार्यालय की तलाश के लिए विज्ञप्ति निकलवानी पड़ गई है।

हल्द्वानी कुमाऊं का सबसे बड़ा शहर है। यही कारण है कि कुमाऊं स्तर के सभी बड़े नौकरशाहों के कार्यालय या फिर कैंप कार्यालय हल्द्वानी में हैं। शराब विभाग के मंडल स्तर के डिप्टी कमिश्नर विवेक सोनकिया व डिप्टी कमिश्नर बीएस चौहान का कार्यालय भी हल्द्वानी में था। वर्षों से कार्यालय मयूर होटल के पीछे किराए पर संचालित था। बताया जा रहा है कि जिस मकान पर दोनों अधिकारियों का कार्यालय हुआ करता था, वह मकान अब बिक चुका है। नए मकान मालिक ने चार दिन पहले घर को खाली करवा दिया है, इसलिए सोनकिया व चौहान को कार्यालय छोड़ना पड़ गया है। दोनों अधिकारियों के पास इन दिनों बैठने के लिए उचित कार्यालय नहीं है। किराए के कार्यालय की फिर से तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए डिप्टी कमिश्नर की ओर से विज्ञप्ति जारी की गई है। जारी विज्ञप्ति में अधिकारी ने हल्द्वानी में एक हजार वर्ग फीट एरिया वाले भवन की जरूरत बताई है। जिसमें तीन कमरे, एक हॉल व तीन शौचालय अनिवार्य हैं। बिजली व पानी की सुविधा के साथ ही पार्किंग भी चाहिए। इच्छुक भवन स्वामियों से मासिक किराए का प्रस्ताव मानचित्र के साथ 18 नवंबर तक व्हाट्सएप नंबर 9760150000 व 9456746984 पर मांगे गए हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## लंबी कूद में प्रीति ने पहला और अंजलि ने हासिल किया दूसरा स्थान

**देहरादून, एजेंसी।** राजकीय इंटर कॉलेज कालसी में चल रही न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर-17 लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रीति पहले, अंजलि दूसरे और अक्षरा तीसरे स्थान पर रहीं। शुक्रवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य सचिन असवाल और खेल प्रभारी सुषमा खत्री ने किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले प्रतिभागी को मेडल और प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों को छात्र जीवन में सदैव खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रहना चाहिए। खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य सही रहता है। इस मौके पर विपिन शर्मा, राहुल तोमर, आर्यन चौहान, वचन चौहान, अर्चना खत्री, राहुल वाल्मीकि, ध्रुव चौहान आदि मौजूद रहे।

## मुश्किलें बढ़ती देख अग्रिम जमानत की मांग लेकर हाईकोर्ट पहुंचे बॉबी

**देहरादून, एजेंसी।** आईएएस के साथ बदसलूकी और स्टाफ के साथ मारपीट के मामले में बॉबी पंवार चौतरफा घिरते नहर आ रहे हैं। बॉबी अग्रिम जमानत की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे हैं। करीब दो साल पहले बॉबी को पथराव के मामले में सशर्त जमानत मिली थी। ऐसे में यह मामला बॉबी की जमानत की शर्तों के खिलाफ है। अब बॉबी को कोतवाली पुलिस ने भी पूछताछ के लिए बुलाया है। बतादें कि बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार पर ऊर्जा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम से छह नवंबर को उनके कक्ष में घुसकर अभद्रता करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि सचिव ने अपने निजी सचिवों को पंवार को बाहर निकालने के लिए कहा तो उसने उनके साथ भी धक्का मुक्की की। बॉबी पंवार के नेतृत्व में बेरोजगार युवाओं ने नौ फरवरी 2023 को गांधी पार्क के सामने धरना-प्रदर्शन किया था। आंदोलन उग्र हुआ तो युवाओं ने पथराव कर दिया। ऐसे में पुलिस ने बॉबी पंवार और उसके साथियों को गिरफ्तार किया था। स्थानीय अदालत से बॉबी को इस शर्त पर जमानत मिली थी वह आगे किसी उग्र आंदोलन में भाग नहीं लेंगे, कोई ऐसा कृत्य नहीं करेंगे, जिससे इन शर्तों का उल्लंघन हो। ऐसे में ऊर्जा सचिव और उनके स्टाफ से अभद्रता की इस घटना को इन शर्तों का उल्लंघन माना जा रहा है।

## लंबगांव से पुजार गांव जा रही कार खाई में गिरी, एक की मौके पर मौत, सात घायल

**लंबगांव (टिहरी) , एजेंसी।** कार में आठ लोग सवार थे। एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है। सात अन्य घायलों को उपचार लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड लंबगांव ले जाया गया। टिहरी जिले के प्रतापनगर ब्लॉक के लंबगांव-बिजपुर-पनियाला मोटर मार्ग पर शुक्रवार शाम को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है। सात अन्य घायलों को उपचार लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड लंबगांव ले जाया गया। थानाध्यक्ष शांति प्रसाद चमोली ने बताया कि हादसा शाम करीब छह बजे हुआ। कार लंबगांव से पुजार गांव जा रही थी। बिजपुर के समीप कार दुर्घटाग्रस्त होकर सड़क से लगभग 30 से 40 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

## चलती बस में महिला सिपाही के आठ लाख के जेवर उड़ाए

**हल्द्वानी , एजेंसी।** काशीपुर से हल्द्वानी आने वाली रोडवेज बस में चोरों ने महिला सिपाही के आठ लाख रुपये के जेवर पार कर दिए। महिला सिपाही शहर के थाने में ही तैनात हैं। चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। आम आदमी के अलावा अब पुलिस वाले भी इनकी करतूतों का शिकार हो रहे हैं। काशीपुर से हल्द्वानी आने वाली रोडवेज बस में चोरों ने महिला सिपाही के आठ लाख रुपये के जेवर पार कर दिए। महिला सिपाही शहर के थाने में ही तैनात हैं। फैमिली क्वार्टर में रहने वाली एक महिला सिपाही तीन नवंबर को अपनी बहन के साथ काशीपुर से हल्द्वानी आ रही थीं।

## खुशियों का संसार उजड़ गया, पुलिस पिकेट से अपनों की यादें समेट कर ले जा रहे मृतकों और घायलों के परिजन



**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
मरचूला क्षेत्र में चार नवंबर को हुए बस हादसे में कई परिवारों की खुशियों के जहां उजड़ गए। अब ऐसे लोगों के परिजन हादसे के वक्त मौके पर बिखरे उनके जरूरी सामान को यादों के तौर पर समेटकर घर ले जा रहे हैं। मरचूला क्षेत्र में चार नवंबर को हुए बस हादसे में कई परिवारों की खुशियों के जहां उजड़ गए। अब ऐसे लोगों के परिजन हादसे के वक्त मौके पर बिखरे उनके जरूरी सामान को यादों के तौर पर समेटकर घर ले जा रहे हैं। ये सामान पुलिसकर्मियों की ओर से एकत्र कर मरचूला पुलिस पिकेट पर रखा गया है। चार नवंबर की सुबह सवारियों से भरी एक बस कूपी बैंड के पास हादसे का शिकार हो गई थी। इसमें 36 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 27 घायल हो गए थे। हादसे के बाद शवों के साथ बिखरा सामान पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल से एकत्र कर मरचूला पुलिस पिकेट में रख दिया है। पिछले तीन दिनों से ऐसे लोग जिनके अपने इस हादसे में काल के गाल में समा गए हैं या घायल होकर अस्पतालों और घरों में इलाज करवा रहे हैं, उनके खोए हुए सामान को तलाशते हुए परिजन पुलिस पिकेट पर आ रहे हैं और पहचान बताकर ले जा रहे हैं।

## प्रदेश में सरकारी स्कूल के गजब हाल, एक कमरे में 5वीं तक बच्चों की पढ़ाई ! छत पर चल रही आंगनबाड़ी

**भीमताल, एजेंसी।**
ओखलकांडा ब्लाक में ग्राम पंचायत गलनी-जामनी क्षेत्र में नन्हें-मुन्हें बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जहां पर एक ही कमरे में कक्षा एक से 5वीं तक के बच्चे पढ़ाए जा रहे हैं। विद्यालय के ऊपर एक छोटे से कमरे में आंगनबाड़ी केंद्र चलाया जा रहा है।

ऐसे स्थिति में क्षेत्र के अभिभावक एवं स्कूली बच्चे काफी परेशान हैं। इस जटिल समस्या को सुधारने के लिए स्थानीय अभिभावकों की तरफ से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों से अनेक बार शिकायत किया जा चुका है। इसके बावजूद भी समस्या समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

ओखलकांडा के गलनी जामनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल बर्गली ने बताया कि गलनी के प्राथमिक विद्यालय जामनी एक ही कमरे में संचालित है। इस एक ही कमरे में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे पढ़ाए जाते हैं।

साथ ही विद्यालय के ऊपर एक छोटे से कमरे में




आंगनबाड़ी केंद्र का भी संचालन हो रहा है। ऐसे स्थिति में विद्यालय में किस क्लास के बच्चों को क्या पढ़ाया जा जाता है, यह बच्चों के समझ से परे है।

सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल बर्गली ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्र के करीब 35 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। इन सभी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

बताया कि शिक्षा विभाग की तरफ से विद्यालय परिसर में तीन से चार कमरे नए बनवाए जाने की अति आवश्यकता है। जिससे कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के पढ़ाई करने के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्र का भी संचालन अच्छे से हो सके।

## हल्द्वानी में 16 तक रोजाना साढ़े पांच घंटे होगी बिजली कटौती

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कालाढूंगी रोड चौराहा बिजलीघर से जुड़े फीडरों में विद्युतीकरण कार्य के चलते 16 नवंबर तक रोजाना साढ़े पांच घंटे बिजली गुल रहेगी। शुक्रवार से इसका क्रम शुरू हो गया है। पहले दिन बद्रीपुरा व सरस मार्केट वाले क्षेत्र में आपूर्ति बाधित रही। इससे करीब दो हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए। इधर टीपीनगर बिजलीघर के देवलचौड़ फीडर में रामपुर रोड क्षेत्र में 11 केवी लाइन की गार्डिंग कार्य के चलते दो घंटे बिजली ठप रही। बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सड़क से क्रॉस कर रहे तारों को सुरक्षित करने के लिए काम कराया गया। विद्युत वितरण खंड शहर के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि बिजलीघर से जुड़े बाजार क्षेत्र वाले फीडर में पुरानी केबल को बदलकर एक्सएलपीई केबल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर नई विद्युत लाइनों के नीचे गार्डिंग का कार्य भी किया जाना है।

## छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं ने शुक्रवार को छात्रसंघ चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर विवि के प्रशासनिक भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने छात्रों से वार्ता की, जिसके बाद छात्रनेताओं ने प्रदर्शन खत्म कर दिया।

बता दें कि छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की मांग को लेकर छात्रनेता बीते लंबे समय से आंदोलित हैं। शुक्रवार को हरमिटेज भवन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कुलपति पहुंचे थे। जैसे ही आंदोलित छात्रों को कुलपति के आने की जानकारी मिली तो वे भी वहां पहुंच गए। छात्रों ने यहां उनके वाहन के आगे बैठकर विरोध जताया और छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की। विद्यार्थियों की नारेबाजी के बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस और विवि प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन छात्रों ने एक नहीं सुनी।

## तटबंध निर्माण के दौरान नेपाल की तरफ से भारत पर फेंके गए पत्थर

**धारचूला, एजेंसी।** काली नदी किनारे तटबंध निर्माण के दौरान नेपाल की तरफ से कुछ लोगों ने मशीनों पर पत्थर फेंके। पत्थरों के मशीनों तक नहीं पहुंचने से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ, परंतु कार्य में कुछ समय के लिए व्यवधान आया। घटना के बाद भारत-नेपाल के अधिकारियों के संयुक्त निरीक्षण किया। दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। नीचे काली नदी पर तटबंध निर्माण कर रहा है। तटबंध निर्माण के दौरान नेपाल की तरफ से कुछ लोगों द्वारा कार्य कर रही लोडर मशीनों पर पत्थर फेंके गए। नेपाल से फेंके गए पत्थर मशीनों तक नहीं पहुंचे। नेपाल में विरोध दर्शाने वालों का कहना था कि भारत में जिस स्थान पर तटबंध बनाए जा रहे हैं वहां पर नदी का बहाव नेपाल की तरफ है। भारत की तरफ का क्षेत्र ऊंचाई पर है और नेपाल का क्षेत्र नीचा है। तटबंध बनने से नदी नेपाल में कटाव करेगी। सिंचाई विभाग ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी मंजीत सिंह से की गई। एसडीएम ने नेपाल प्रशासन से संपर्क किया। भारत और नेपाल के अधिकारियों ने कार्यस्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। बाद में लोनिवि विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में दार्चुला नेपाल के जिलाधिकारी यज्ञ राज जोशी ने कहा कि पूर्व की भांति ही आपस में समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। भारत-नेपाल मित्र राष्ट्र हैं।

## रुड़की विधायक ने सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों को बांटे फल, आभा एप का किया शुभारंभ

**रुड़की, एजेंसी।**
उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के 24 वर्ष पूरे होने पर रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इसी के साथ ही विधायक प्रदीप बत्रा के द्वारा सिविल अस्पताल में स्कैन एंड शेयर आभा एप लॉन्च की गई हैं।

प्राप्त सूचना के मुताबिक रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने उत्तराखंड स्थापना दिवस पर सिविल अस्पताल के मरीजों को सौगात दी है। दरअसल, प्रदीप बत्रा ने अस्पताल में स्कैन एंड शेयर आभा एप लॉन्च की है। वहीं, आभा एप के माध्यम से मरीज घर पर बैठे ही ओपीडी का पर्चा ऑनलाइन बनवा सकेंगे। इसके बाद अस्पताल के काउंटर पर आकर अपना टोकन नंबर बताकर पर्चा ले सकेंगे। बताया गया कि ऐसे में मरीजों को ओपीडी की लंबी-लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। इसमें मरीजों को अधिक सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उनका समय भी बच जाएगा।

वहीं, विधायक प्रदीप बत्रा ने राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य ने नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य निरंतर प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा हैं। इसी के साथ ही कहा



कि सिविल अस्पताल में मरीज मोबाइल के क्यूआर कोड से स्कैन कर अपना पर्चा बनवा सकेंगे। इसके अतिरिक्त अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

## 43 बाहरी लोगों ने 23 हेक्टेयर जमीन खरीदकर किया नियमों का उल्लंघन

**नैनीताल, एजेंसी।** तहसील नैनीताल के अंतर्गत राज्य से बाहर के 43 व्यक्तियों की ओर से 23.889 हेक्टेयर जमीन उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) की धारा 154 (4) (3) (ख) के तहत ली गई अनुमति के बाद क्रय की गई है। वहीं, जांच में उक्त व्यक्तियों की ओर से शर्तों का पालन नहीं करना पाया गया है। अब प्रशासन की ओर से उक्त लोगों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

बता दें कि पहाड़ी क्षेत्र में बाहरी लोगों की ओर से विभिन्न उद्देश्यों से लगातार जमीनें खरीदी जा रही हैं। जमीन की खरीद फरोक्त में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से जांच में पता चला है कि दिल्ली, मुम्बई और उत्तर प्रदेश राज्य के 43 लोगों ने 23.889 हेक्टेयर जमीन की खरीद की है, लेकिन जमीन में क्रय करने के बाद से अब तक करीब दो वर्षों तक कृषि संबंधी कार्य नहीं किया जा रहा है। व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 154(4) (3) (ख) का उल्लंघन किया गया है।

## उत्तराखंड स्थापना दिवस: अल्मोड़ा में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
उत्तराखंड स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। दरअसल, आज यानी 9 नवंबर को उत्तराखंड ने अपने 24 वर्ष पूरे किए है। इसी के साथ ही प्रदेश ने अपने 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। वहीं, इस अवसर पर अल्मोड़ा में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। दिवस को लेकर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। वहीं, इस अवसर पर क्रॉस कन्ट्री दौड़ में युवाओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही शहीद स्मारक पर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि इस बार अल्मोड़ा के सल्ट में विगत दिनों हुए भीषण सड़क हादसे के कारण सादगी के साथ स्थापना




दिवस मनाया जा रहा है। बता दें कि सन् 2000 में आज ही के दिन बना उत्तराखंड राज्य 25 साल का हो गया है। आज उत्तराखंड अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में पहुंच गया है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मौके पर राज्य वासियों को बधाई दी है।

वहीं, इस मौके पर जिला अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने समस्त नगरवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी है। डीएम ने कहा कि आज यानी शनिवार सुबह से ही जनपद में विभिन्न कार्यक्रम जैसे कि प्रभात फेरी, मैराथन दौड़ , साफ स्वच्छता आदि आयोजित किए गए है। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा में हाल ही में हुए भीषण सड़क हादसे के कारण सभी कार्यक्रम बहुत ही सादगी से मनाए जा रहे है।

## पौधों की वैज्ञानिक समझ कृषि के क्षेत्र में ला सकती है समृद्धि : प्रो. चौहान

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर एंड एग्रोफॉरेस्ट्री और प्लांटिका फाउंडेशन की ओर से सातवें प्लांट साइंस रिसर्चर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने शिरकत की। दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक, शोधार्थी और कृषि विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

कुलपति प्रो. चौहान ने कहा कि आज के समय में पौधों की वैज्ञानिक समझ और उनसे जुड़ी तकनीकों में सुधार कृषि के क्षेत्र में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। पौध विज्ञान का शोध न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे किसानों की उत्पादकता और उनकी जीवन गुणवत्ता को भी बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है।

## चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के डॉक्टरों ने सल्ट विधायक से की मुलाकात, पोस्टमार्टम भवन बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड में अल्मोड़ा के सल्ट विधानसभा में पोस्ट मार्टम में आ रही दिक्कतों को लेकर चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के डॉक्टरों ने सल्ट विधायक से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसी के साथ ही सल्ट या भिकियासैंण में ही पोस्ट मार्टम भवन बनाने की मांग की है। दरअसल, सल्ट क्षेत्र में दुर्घटना या अन्य कारणों से मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत लाया जाता है। इसके अलावा रानीखेत राजकीय चिकित्सालय से डॉक्टरों को सल्ट या भिकियासैंण जाना होता है। ऐसे में रानीखेत गोविन्द सिंह महरा राजकीय चिकित्सालय की व्यवस्थाएं भी चरमरा जाती हैं। बता दें कि डीएम या सीएमओ के निर्देश पर कई बार चिकित्सकों को ओपीडी या ऑपरेशन छोड़ कर पोस्टमार्टम के लिए जाना पड़ता है। इसी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ रानीखेत के अध्यक्ष डॉ0 अशोक टम्टा व मुख्य सलाहकार डॉ0 डी एस नेगी ने सल्ट विधायक महेश जीना से मुलाकात की और उन्हें समस्या से अवगत कराया। वहीं, विधायक महेश जीना ने कहा कि रानीखेत राजकीय चिकित्सालय से डॉक्टरों को सल्ट या भिकियासैंण में पोस्टमार्टम के लिए आने पर अस्पताल की सेवाएं प्रभावित होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पति को बचाने गई पत्नी पर देवर ने लोहे के रॉड से वारकर किया घायल

जमुई [ झाझा ] शनिवार की शाम को थानाक्षेत्र के मधुआ गांव में पति के साथ मारपीट होते देख उसे बचाने के लिए पहुंची पत्नी को गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल महिला की पहचान सरिता देवी के रूप में हुई है। घायल महिला को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहाँ उसका इलाज किया गया। घायल महिला ने बताया कि मेरा ससुर जमीन बेच रहा था जिसपर मेरा पति शत्रुघ्न पासवान मेरे ससुर को जमीन का बंटवारा करने के लिए कहा तो मेरे ससुर नरेश पासवान और सौतेला भाई पिंटू, पिंटू ने मेरे पति के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया जिसके बाद मैं जब पत्नी को बचाने के लिए गया तो देवर ने मेरे सिर पर लोहे के रॉड से वारकर मुझे घायल कर दिया। घायल महिला ने बताया कि मेरा ससुर डीलर है और पहली पत्नी का बेटा मेरा पति है जबकि दोनों देवर दूसरी पत्नी का बेटा है। मेरा ससुर मेरे पति से बिना पूछे जमीन बेच रहा है और मेरा पति ने जब जमीन का हिस्सा कर सौंपकर जमीन बेचने की बात की तो उनलोगों ने गन्दी गन्दी गाली देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया था।

# भारत के विकास के लिए सर्वोपचार है विज्ञान : डॉ.गौरी शंकर

## विज्ञान है भविष्य का आधार, इसे अपनाए हर परिवार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई:- विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी में विज्ञान का महत्व और वैज्ञानिक प्रवृत्ति विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ. ( प्रो. ) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि ज्ञान के बिना विज्ञान अधूरा है। विज्ञान का ज्ञान शांति और विकास की पहचान है। विज्ञान व प्रौद्योगिकी भारत के विकास के लिए सर्वोपचार है। आज के युग में विज्ञान का प्रभाव हर क्षेत्र में है. जैसे शिक्षा, चिकित्सा, संचार, परिवहन, कृषि, उद्योग आदि विविध क्षेत्रों में विज्ञान ने अद्वितीय प्रगति की है। विज्ञान दिवस का उद्देश्य बहुआयामी है। जैसे विज्ञान के महत्व और योगदान की सराहना, करना, नई पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रूचि जगाना, छात्र, शिक्षक, वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं के बीच विज्ञान के महत्व को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि विश्व विज्ञान दिवस 10 नवंबर 2001 से हर साल यूनिसेफ के द्वारा मनाया जाता आ रहा है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेई विज्ञान के सबल पक्षकार थे। वहीं वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी विज्ञान, अनुसंधान और टेक्नोलॉजी के प्रबल पैरोकार हैं। वैज्ञानिक प्रवृत्ति (साइंटिफिक टेंपर) शब्द नेहरू जी का दिया हुआ है। नेहरू ने एक नारा दिया था कि- ह्व तुम मुझे विज्ञान स्नातक दो, तो मैं तुम्हें रोजगार दूंगाह्ल ! उनका मानना था वैज्ञानिक प्रवृत्ति और चेतना की कमी की वजह से हम विज्ञान के क्षेत्र में पिछड़ रहे हैं और छोटे-छोटे देश हमसे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी बातें सत्य है। लेकिन विडंबना है कि 1947 में साक्षरता दर 12% था। आज 74 प्रतिशत से अधिक हो गया है। साढ़े




7 दशकों में हम साक्षर तो हुए हैं, परंतु वैज्ञानिक नहीं हो सके। इसलिए भारत को देश में केवल साक्षर ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक भी उत्पन्न करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिस भारत के वैज्ञानिकों ने अपने योगदान से गणना को संभव बनाया। दुनिया को दशमलव और शून्य जैसी सौगातें दी हो, उस देश की वैज्ञानिकता की जड़ता और विज्ञान के प्रति अरुचि दुःखद है। आज देश के युवाओं और छात्रों के बीच वैज्ञानिक प्रवृत्ति का सृजन करना होगा। युवाओं को विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करना होगा। विज्ञान समस्याओं का हल खोजता है। यह जीवन में नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। विज्ञान ने हमें गरीबी बेरोजगारी से लड़ने का अस्त्र प्रदान किया है। इसके द्वारा हमने बीमारी और महामारी पर भी नियंत्रण पाए हैं। आज भारत का चंद्रयान 3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट कदम रख चुका है। कहते हैं कि विज्ञान भविष्य का आधार है। अतः इसे हर परिवार को अपनाने की आवश्यकता है। एक तरफ चांद और मंगल पर जाने की वैश्विक देशों में होड़ लगी है। तो दूसरी ओर दुनिया के अधिकांश देश विज्ञान के माध्यम से मदर ऑफ बम, फादर, ऑफ बम, विनाशक अत्याधुनिक हथियार, विमान, मिसाइल, परमाणु बम और हाइड्रोजन बम का निर्माण कर चुके हैं। आज हम विनाश के मुहाने पर खड़े हैं। वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1940 के दशक में कहा था कि- ह्लमुझे पता नहीं कि तृतीय विश्व युद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन इतना तय है कि चतुर्थ विश्व युद्ध डंडो और पत्थरों से लड़ा जाएगाह्व इसका मतलब स्पष्ट है कि तीसरा विश्व युद्ध इतना भयावह व विनाशकारी होगा कि मानव सभ्यता को ही समाप्त कर सकता है। प्रो.पासवान ने कहा कि यदि मानव युद्ध और हिंसा के रास्ते को नहीं छोड़ा और दुर्भाग्य से तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो इसके भयावह और विध्वंसकारी परिणाम हो सकते हैं। जिसका सीधा प्रभाव पृथ्वी पर जन जीवन के अस्तित्व पर पड़ेगा। इसीलिए कहते हैं कि विज्ञान काम कर चुका बहुत, अब हाथ उसका रोको, आगे आने दो कला, गुणी और कल्याणकारी को।

# अक्षय नवमी पर्व पर महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर निज संवाददाता : प्रखंड भर में अक्षय नवमी पर्व पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा कर अपने पति एवं पुत्र की दीघार्यु होने की मंगल कामना की। क्षेत्र भर की महिलाओं ने आंवला वृक्ष की नियम निष्ठा के साथ पूजा कर अक्षय नवमी व्रत कथा सुनकर भूआ में छेद कर गुप्त राशि पंडित को दान किया। वहीं इस पावन पर्व को ले विद्वान पंडित आचार्य राजीव प्रभाकर ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि जो अक्षय नवमी के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन महिलायें अपने पति एवं पुत्र के दीघार्यु होने की कामना के साथ अक्षय पुण्य प्राप्ति के निमित आंवला वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा कर भूआ फल के साथ गुप्त दान करती है। इस दिन आंवला के वृक्ष की पूजा करने के साथ उसकी छाया में भोजन करने से अक्षय पुण्यदायक फल मिलता है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के संबंधित गांवों में महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा कर अपने पुत्र एवं पति की दीघार्यु की कामना करते हुए आंवला की पूजा कर वृक्ष के नीचे भोजन किया।

# साइकिल यात्रा की मुहिम ने जमुई से खैरा प्रखंड के झुण्डों गाँव में बढ़ाया पर्यावरण और स्वास्थ्य का संदेश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : हर रविवार आयोजित होने वाली साइकिल यात्रा की मुहिम का विस्तार अब व्यापक रूप से हो रहा है। इस रविवार, लगातार 462वें सप्ताह में हरेराम कुमार सिंह के नेतृत्व में जमुई से साइकिल यात्रियों का समूह खैरा प्रखंड के झुण्डों ग्राम पहुँचा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। झुण्डों गाँव में 30 पौधारोपण कर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश : इस विशेष अवसर पर साइकिल यात्रियों ने झुण्डों गाँव में 30 पौधे लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण की अहमियत को ग्रामीणों के बीच प्रसारित किया गया। इस दौरान साइकिल यात्रा के प्रमुख सदस्य राहुल ऋतुराज ने बताया कि ह्लस्वस्थ रहने के लिए हमारे आस-पास हरियाली का होना अत्यंत आवश्यक है, पर साथ ही प्रतिदिन साइकिलिंग करना भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। राहुल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यदि एक व्यक्ति रोजाना केवल 10 किलोमीटर साइकिल चलाता है, तो इससे एक वर्ष में लगभग 1500 किलो ओजोन प्रदूषण में कमी लायी जा सकती है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है। साइकिलिंग से बढ़ती है शारीरिक क्षमता और पर्यावरण को मिलता है लाभ : इस मौके पर मौजूद शिवम पाण्डेय ने बताया कि आजकल लोग अत्यधिक मात्रा में कार और बाइक का उपयोग कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, बल्कि इससे उपयोगकर्ता की कार्यक्षमता में भी गिरावट आती है। साइकिलिंग न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखती है बल्कि व्यक्ति की शारीरिक क्षमता और स्टेमिना को भी बनाए रखती है। ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा है साइकिल यात्रा के प्रति उत्साह : साइकिल यात्रा के इस अभियान से ग्रामीण भी प्रेरित हुए और साइकिलिंग के लाभों के प्रति जागरूक हुए। इस यात्रा में हरेराम कुमार सिंह, राहुल ऋतुराज सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। मौके पर सुंदरम, रोहित, शिवम पाण्डेय सहित कई स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में इस अभियान का समर्थन करने का आश्वासन दिया।

# खड़गपुर में गौ पूजन कर मनाई गई गोपाष्टमी



प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) शनिवार को गौशाला में गोपाली सभा की ओर से गोपाल अष्टमी धूमधाम से मनाई गई श्रद्धा भक्ति के साथ गोपूजन किया गया गोपाष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण की गौ माता और नन्हे बछड़े के साथ आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई पूजन कार्यक्रम में गोपाल ने सभा के सचिव उपाध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर गोपाल ने सभा के सचिव योगेश्वर गोस्वामी ने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर मनुष्य के लिए कोई बड़ा धर्म नहीं है इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रभु शंकर उपाध्यक्ष अरुण केसरी कोषाध्यक्ष मुकुंद प्रसाद सिंह प्रबंधक रवि किशन ठाकुर उमेश चंद्र चौरसिया अनिल मंडल राकेश चंद्र सिंह शिव प्रकाश उर्फ संतोष शंभू केसरी अंकिता कुमारी राखी केसरी सुजाता देवी रेखा सिंह चौहान मनोज कुमार रघु डॉक्टर अशोक सिंह राजेंद्र मंडल मुरारी ठाकुर कैलाश केसरी सुधीर शाह रघु सुरेश बाजोरिया सरवन केशरी आदि मौजूद थे।

# मुंगेर शहर अपराध की घटनाओं से भयभीत शहर वासी परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । मुंगेर पुलिस की लापरवाही और भ्रष्टाचार से मुंगेर शहर का नागरिक अपराधियों के कारनामे से भयभीत और आतंक के वातावरण में जीने को विवस है जिला प्रशासन की दिवाली और छठ की चक चौकावंद व्यवस्था पुलिस विभाग की धरी की धरी रह गई और अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर शहर वासियों को गोलियों की तड़तड़ाहट से जीने को विवश कर दिया है। मुंगेर की व्यवसायियों ने बताया कि कासिम बाजार थाना के घोसी टोला में दीपावली की रात दो गुटों की गोलीबारी में एक घायल हो गया तो फिर दियारा में दो अपराधी गृह में गोलीबारी की घटना हुई वहीं टिकारा ।मपुर दियारा में गोली मारकर एक युवक की हत्या का प्रयास करना और रामनगर थाना क्षेत्र के मोर्चा तालाब से पानी फल निकल रहे सहरसा के मजदूर को पीट-पीटकर दबंगों ने हत्या कर दी घटना की पुलिस विभाग ने स्वतंत्र संज्ञान नहीं लेकर दबंगों के खिलाफ आज तक प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की है शनिवार की शाम गुमटी नंबर 5 के बाहर गोली बारी कर अपराधी भाग निकले हालांकि इस गोलीबारी की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ इस बीच भगाने के दौरान एक अपराधी की छुट्टे बाइक को आक्रोशित लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके पर से एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है हालांकि पुलिस इसे आपसी दुश्मनी बता रही है मुफस्सिल थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर भेजा गया पुलिस को एक खोखा और एक कारतूस मिला है हालांकि फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई आपसी दुश्मनी में बाइक में तोड़फोड़ की गई हंसने के उद्देश्य खोखा एवं जिंदा कारतूस रखा गया है थाना अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले की छानबीन की जा रही है घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शी संदलपुर निवासी ऋषभ राज ने बताया कि शनिवार की शाम वह लाइब्रेरी से लौटकर रेस्टोरेंट में नाश्ता का ऑर्डर देकर बाहर बैठा था तभी रेस्टोरेंट के बाहर चार की संख्या में बाहर बैठे युवकों में से एक ने कमर से पिस्तौल निकाल कर फायरिंग शुरू कर दी पिस्टल से फायरिंग करते देखकर वह गली की ओर भाग गया इस दरमियान अपराधियों ने चार फायरिंग की फायरिंग के बाद सभी अपराधी भाग गए हालांकि ऋषभ राज ने फायरिंग करने वालों की पहचान करते हुए बताया कि सभी महोली के रहने वाले थे ऋषभ राज मैं भी अपराधियों से किसी प्रकार की दुश्मनी से इनकार किया है।

# भाई- बहन के साथ हुई मारपीट मामला रास्ता के विवाद को लेकर हुआ



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रास्ता को लेकर पुरानी रंजिश को लेकर बलियाडीह गांव में भाई- बहन के साथ गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट की घटना में घायल भाई बहन को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां घायलों का इलाज हुआ। घायल की पहचान महेंद्र दास और उसकी बहन रेखा देवी के रूप में हुई है। घायल महेंद्र के पिता नरसिंह दास ने बताया कि गांव के आशो दास, अनिल दास, लालू दास एवम अन्य गांव से तीन तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने आगे बताया आशो, अनिल, लालू से पूर्व में रास्ता को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद आमीन के द्वारा जमीन की नापी होने पर रास्ता मेरे हिस्से में पड़ा था लेकिन उक्त तीनों लोगों ने रास्ता में दीवार खड़ा कर दिया उसी बात को लेकर रविवार को उक्त लोगों से फिर से विवाद हुआ जिसमें उक्त सभी लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

# कार्तिक उद्यापन के तिसरे दिन की गई ऑवला वृक्ष की विधिवत पुजा

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : सोनो प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा अपने घरों पर कार्तिक उद्यापन सह साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । यज्ञ प्रारंभ के तिसरे दिन रविवार को लोगों ने ढोल बाजे के साथ एवं बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने भक्ति गीत गाते हुए पैदल चलकर ऑवला वृक्ष के पास पहुंचे । जहाँ पर विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत ऑवला वृक्ष की पुजा की गई । इसी दौरान दहियारी गाँव निवासी पत्रकार पंकज बरनवाल के आयोजित इस साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ को लेकर बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने ढोल बाजे के साथ पैदल चलते हुए तकरीबन तीन किलोमीटर दूर जंगल पहुंचकर ऑवला वृक्ष की नीचे साफ सफाई करते हुए वृक्ष की जड़ों में शुद्ध जल चढाने के बाद पुजा अर्चना की गई । साथ ही ऑवला वृक्ष के समिप बैठकर कथा सुनने के बाद पेड़ों की परिक्रमा करते हुए यथा शक्ति विभिन्न सामग्रियों मे कुमकुम , चावल , अबीर , गुलाल , फुल तथा भोग



के लिए मिठाई आदि का दान किया गया । तत्पश्चात ऑवला के पौधे की तनो पर कच्चे सुत से लपेटने के बाद धुप दीप जलाकर आरती की गई । ज्ञात हो की प्रकृति के सम्मान ओर पेड पौधों की पुजा एवं उनकी रक्षा करने का विधान इस अक्षय नवमी पर बताया गया है । ऑवला वृक्ष की पुजा करने के बाद उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद रुपी भोजन कराया गया । मान्यता हे कि अक्षय नवमी को ऑवला वृक्ष की पुजा करने से भगवान बिष्णु ओर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहती है । पौराणिक कथाओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को देवी लक्ष्मी ने भगवान बिष्णु के साथ भगवान शिव की पुजा करना चाहती थी । तभी देवी लक्ष्मी ने सोची की भगवान विष्णु को तो तुलसी बहुत प्रिय है और भगवान शिव को बिल्वपत्र प्रिय हे । साथ ही तुलसी ओर बिल्वपत्र के गुण तो ऑवले के पौधे मे है । यह सोचकर माता लक्ष्मी ने ऑवले के पैड़ को ही भगवान विष्णु ओर शिव जी का स्वरूप मानते हुए इसकी पुजा करी । देवी लक्ष्मी के द्वारा किया गया ऑवले वृक्ष की इस पुजा से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ओर भगवान शिव प्रकट हो गये , जहाँ पर देवी लक्ष्मी ने दोनों को भोजन कराकर मन इच्छा प्राप्त की ।

# पोता भतीजा के बीच हो रहे झगड़ा में बुजुर्ग हुआ घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बैजला गांव में पोता और भतीजा के बीच झड़प छुड़ाने गए बुजुर्ग व्यक्ति को छोटी बहु धक्का दे दिया जिससे बुजुर्ग एक गड्ढे में गिर गया और वह गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग की पहचान मन्नू गोप के रूप में हुई है। वही ग्रामीणों के द्वारा डायल 112 की पुलिस को सूचना दिया गया जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को उठाकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां घायल बुजुर्ग का इलाज हुआ। घायल बुजुर्ग ने बताया कि पोता छोटू कुमार और भतीजा सतीश यादव में जमीन को लेकर झगड़ा हो रहा था । झगड़ा बढ़ते देखकर मैं पोता और भतीजा के बीच हो रहे झगड़े को शांत करने के लिए पहुंचा तो छोटी बहु मुझे जोर से धक्का दे दिया जिससे मैं एक गड्ढे में गिर गया जहां दो बड़ा पत्थर पड़ा हुआ था उसे में मेरा सिर जा टकराया जिससे मैं घायल हो गया।

# व्यवहार न्यायालय में मनाया गया विधिक सेवा दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय मुंगेर में विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इसके तहत विधिक जागरूकता रैली निकाली गई और मुंगेर बस स्टैंड में पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया साथ ही पैनाल अधिवक्ता तथा स्वयं सेवकों के द्वारा जिले भर में प्रखंड स्तर पर लोगों को विधिक सेवाओं एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी देने के लिए डोर टू डोर संपर्क के माध्यम से विधिक जागरूकता कैंप चलाया गया रैली में डिप्टी सहायक लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मुंगेर डालसा के कर्मचारी एवं पराविधिक के स्वयंसेवक शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी सह डालसा प्रभारी सचिव संगीता कुमारी ने की। प्रभारी सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाज के गरीब कमजोर एवं वंचित वर्गों तथा जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि नालसा नई दिल्ली द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया गया है इसके तहत ही जिला स्तर पर इसके लिए फोन नंबर 06344220231 तथा टोल फ्री नंबर 1800 3456292 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वर कोकिला शारदा सिन्हा की दी गई हरित श्रद्धांजलि

## सदस्यों द्वारा छठ घट पर तीन घंटा किया गया श्रमदान



प्रात : किरण संवाददाता

बिहार की स्वर कोकिला कहे जाने वाली शारदा सिन्हा की गीत सभी के जीवन में सदा के लिए अमर रहेगी। उक्त बातें साईकिल यात्रियों द्वारा शारदा सिन्हा को हरित श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज पतनेश्वर परिसर में 25 पौधारोपण करते हुए कहा गया। वहीं सदस्य कुंदन सिन्हा के भतीजा रुद्राक्ष के जन्म होने पर सूर्य मंदिर परिसर में एक रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया गया। इसके पूर्व छठ पूजा के बाद नदी किनारे गंदगियों को देखते हुए मंच के सदस्यों द्वारा अधिकांश जगहों पर साफ सफाई की गई एवं प्लास्टिक और कचरे का निपटारा करने के लिए तीन घंटे का श्रमदान भी किया जिससे कुछ स्थलों में साफ सुथरा दिखी। मंच द्वारा आज 462वें यात्रा के क्रम में आज श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम से यात्रा निकली जो लोग सतगामा खैरमा होते हुए पत्न श्वर मंदिर पहुंच कर वन विभाग और मंच द्वारा लगाया गया पौधा को संरक्षित किया गया। सचिराज पद्मकर ने बताया कि बिहार स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का जाना अपने आप में क्षति है। उनके गीत हर उत्सव में खुशनुमा बना देता है आज मंच द्वारा पौधारोपण कर हरित श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। नेतृत्वकर्ता ठाकुर डुगडुग सिंह ने बताया की नदी के प्रति भी सामूहिक रूप से संरक्षण करने की जिम्मेदारी सभी की होनी चाहिए। नदी अपने अंदर कई कचरे का निपटारा तो कर लेती हैं, और हमलोगों को स्वच्छ जल देने का प्रयास करती लेकिन कई हानिकारक कचरा एवं प्लास्टिक का निबटारा नही कर पाती है, जिससे नदियों का स्वच्छता और आस्तित्व खत्म होने का खतरा बनता जा रहा है। यदि इन नदियों को बचाना है तो लोग नदी के प्रति भी सुहानुभूति प्रकट करना होगा तभी स्वच्छ वातावरण की कामना कर सकते है। सदस्य कुंदन सिन्हा द्वारा बताया गया कि परिवार में बच्चे के जन्म होने पर पौधारोपण करना चाहिए यह एक यादगार दिवस के रूप हो सकता है जो उसके जीवन भर के लिए यादगार रहेगा और पर्यावरण के प्रति उसकी स्नेह हमेशा रहेगा। मौके पर उपस्थित समाजसेवी कुणाल सिंह ने बताया कि नदियों का संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए यदि सभी लोग मिलकर नदियों का संरक्षण के लिए जागरूक हो तो कही भी पेयजल और कृषि कार्यों में पानी की कमी से नहीं होगी इस अवसर पर विवेक कुमार, कुणाल सिंह, राहुल सिंह राठौर, कुंदन सिन्हा, लडडू मिश्रा, सचिराज पद्माकर, राकेश कुमार, ठाकुर डुगडुग सिंह, पुजारी राजीव पांडेय, राजा कुमार, सागर कुमार, सहित कई पुजारी और श्रद्दालु उपस्थित थे।

# स्वावलंबन के क्षेत्र की दिशा में हाट बाजार लगाने के लिए उपमुखिया की अध्यक्षता में की गई एक विशेष बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड अंतर्गत बैजला पंचायत के हाई स्कूल बैजला प्रांगण में स्वावलंबन के क्षेत्र की दिशा में हाट बाजार लगाने के लिए उपमुखिया सुरेश यादव की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक रखी गई। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से आदर्श हाट बैजला के अध्यक्ष पद के लिए आशीष कुमार, सचिव पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष नरेश यादव नामित किया। इसकी अगुवाई ललन कुमार यादव ने की। मौके पर उपस्थित आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार ने कहा कि हाट बाजार आत्मनिर्भरता का बहुत अच्छा विकल्प हैं। इसमें किसानों को नकदी फसल उपजाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। बैजला की आबादी के अनुरूप यहां हाट बाजार का होना आवश्यक था। प्रत्येक शनिवार शाम 3:30 बजे से इसका आयोजन होगा। उपमुखिया सुरेश यादव ने कहा कि यहां के युवाओं का यह शानदार पहल है। यह ग्रामीण स्वरोजगार का बहुत अच्छा विकल्प हैं। इसे विस्तार रूप देने के लिए हम सभी प्रयासरत रहेंगे। मौके पर रामचरण यादव, मनीष कुमार, मनोज यादव,उपेन्द्र यादव,चक्रधर यादव, मुकेश कुमार, झगरू यादव, टेकन यादव, रामखेलावन यादव, प्रेम यादव, रमेश, रामजी, अरविंद सहित कई लोग मौजूद थे।

# महिला के साथ मारपीट कर घर को किया क्षतिग्रस्त

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार की शाम को कुसोना गांव में अपने घर पर अपने बच्चों के साथ बैठक कर बातचीत कर रही एक महिला के साथ गांव के ही कुछ लोगो ने मारपीट करते घर को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया। मारपीट की घटना में घायल महिला की पहचान सरिता देवी के रूप ने हुई है। मारपीट की घटना में घायल महिला की स्थिति नाजुक होने पर परिजनों ने तुरंत आनन फानन में उसे उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां घायल महिला का डॉक्टर ने उपचार किया लेकिन महिला की स्थिति नाजुक बने रहने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल महिला का पुत्र विपिन कुमार ठाकुर ने बताया कि घर पर मम्मी हमलोगों से बातचीत कर रही तभी कुनकुन ठाकुर, पंकज ठाकुर, पप्पू ठाकुर और उसके घर वाले लाठी डंडा आदि से लैस होकर आया और मेरी मम्मी के साथ मारपीट करने लगा और मम्मी को घायल कर दिया। महिला के पुत्र ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है।

# सीता कुंड दियारा गांव में गंगा के कटाव का कहर, नागरिक परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर सदर प्रखंड की सीता कुंड दियारा गांव में जारी कटाव से ग्रामीण चिंतित हैं अगर समय रहते कटाव रोधी अभियान नहीं चलाया गया तो कई घर गंगा में समा सकता है कटाव की स्थिति ऐसी है कि महज घरों से 10 मीटर की दूरी रह गई है प्रशासनिक स्तर पर अब तक कटाव रोधी शुरू नहीं किया गया है पूर्व पंचायत समिति सदस्य धनराज यादव बबलू यादव मनोज मंडल आदि ने बताया कि कटाव के कारण कई परिवार विस्थापित हो सकते हैं कटाव की ऐसी स्थिति है कि अब घर की दूरी काटाव स्थल से महज 10 फीट दूरी रह गई है चंद्र पासवान और गिरीश मंडल के घर तक कटाव के कारण ग्रामीण आज भी दहशत में हैं ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में बाढ़ नियंत्रण विभाग भागलपुर के सहकार को जनता की समस्या से अवगत कराया गया है इसके बावजूद कटाव रोधी कार्य शुरू नहीं किया गया है अगर जल्द कटा विरोधी कार्य शुरू नहीं किया गया तो कई घर गंगा नदी में समा सकती है ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को अविलंब कटाव रोधी कार्य चलाने की मांग की है हालांकि बाढ़ नियंत्रण विभाग भागलपुर के सहायक अभियंता ने कहा कि सीता कुंड के कटाव रोधी चलाई जाने को लेकर प्रपोजल तैयार किया गया है काटा स्थल का मुआयना कर आगे की कार्रवाई की जाएगी मुंगेर सदर के अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सीता कुंड दियारा में कटाव रोकने के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग को कहा गया है विभाग से जानकारी मिली है की काटाव रोकने के लिए योजना तैयार किया गया है जल्द ही बाढ़ नियंत्रण विभाग की ओर से काटाव रोधी चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कीटनाशक दवा खाई महिला की डॉक्टरों ने बचाई जान

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के सेमरा थाना स्थित परोरहा गांव में घरेलू विवाद में विवाहिता ने कीटनाशक दवा खाकर इह लीला समाप्त करने की कोशिश की।बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद से तंग आकर परोरहा गांव निवासी दीपक यादव की पत्नी सोना देवी ने कीटनाशक दवा खा लिया जिन्हें आननफानन में बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने अथक इलाज कर पीड़िता की जान बचाने में कामयाबी पा ली।हालांकि परिजनों के मुताबिक पीड़ित खांसी की दवा समझकर कीटनाशक दवा खा ली थी।अस्पताल प्रशासन के सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन इस मामले की जांचपड़ताल में जुट गई है।

### शामकौरिया में हनुमत जयंती हुआ शुरू

प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के शामकौरिया बाजार के बजरंग चौक स्थित शिव-हनुमान मंदिर के प्रांगण में रविवार को हनुमत जयंती के 42 में समारोह की शुरूआत रामायण पाठ के साथ हुई। यज्ञाचार्य राजदेव दुबे तथा आयोजन समिति के सदस्य डॉक्टर कामेश्वर सिंह ने बताया कि 9 दिनों तक चलने वले इस धार्मिक समारोह में गाजीपुर से आए कीर्तन सम्राट पंडित रामाशंकर पांडेय तथा भगवत कथा वाचक वृंदावन के अभिषेक जी महाराज भागवत कथा प्रस्तुत करेंगे। वहीं भजन गायकी के साथ अन्य धर्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए हैं।

### छपरा विधि मंडल के महामंत्री पर मारपीट और अश्लील हरकत करने की प्राथमिक हुई दर्ज

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा खैरा थाना की मकसूदपुर बलुआ निवासी ज्ञानती देवी पति स्वर्गीय गोरख राय ने छपरा नगर थाना में दिनांक 9 नवंबर 2024 को प्राथमिकी संख्या 668 /24 दर्ज कराई है। जिसमें उसने खैरा थाना कांड संख्या 398/ 22 के अभियुक्तों द्वारा उसके साथ एवं उनके अधिवक्ता अभय कुमार मिश्रा के साथ मारपीट और जानलेवा हमला कर दबाव बनाने और बदनाम करने की नीयत से उन लोगों का कपड़ा फाड़ जबरदस्ती निर्वस्त्र कर वीडियो बनाया गया था ।जो वीडियो किसी माध्यम से विधि मंडल छपरा के वर्तमान महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह को प्राप्त हुआ। महामंत्री द्वारा उनको धमकी दिया गया था कि तुम केस उठा लो। जिसको लेकर तरह-तरह की मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी और वीडियो वायरल की धमकी दी गई थी जिसे 25 अक्टूबर 2024 को व्हाट्सएप आईडी 809 20 4 2377 द्वारा वायरल कर दिया गया था ।जिसकी शिकायत करने वह उनके विधि मंडल कार्यालय में पूछने गई जिस पर वे आग बबूला हो गए मार पीट किए बाल पकड़ के जमीन पर पटक दिया ।मेरा कपड़ा खींचकर फाड़ दिया तथा मुझे भगा दिया। अपना इलाज भी कराई थी ।पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 126 (2)115(2)74, 76,78,303 (2)352,351(2) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की है।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स भोजपुर की जिला कमिटी की बैठक

प्रातः किरण, संवाददाता

आरा। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स भोजपुर की जिला कमिटी की बैठक राज्य संगठन आयुक्त पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।संचालन जिला सचिव डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन के कार्यकलापों को सक्रिय रूप प्रदान करने हेतु जिला कमिटी में कुछ सक्रिय लोगों को शामिल किया जाएगा तथा कई विंग्स का गठन भी किया जाएगा।स्काउट्स एंड गाइड्स,भोजपुर द्वारा निरंतर प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम तय किए जाएंगे जिसमें राज्यस्तर से प्रशिक्षकों के द्वारा जिलांतर्गत सभी प्रकार के निजी एवं सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।संगठन में जिले के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को संरक्षक मंडल में शामिल करने,संगठन के आय व्यय को सुव्यवस्थित रखने हेतु बैंक में खाता खोलने का निर्णय लिया गया।संगठन की अगली बैठक आगामी दिसम्बर माह के अंतिम रविवार को आयोजित की जाएगी।आज की बैठक में संगठन के वरीय उपसभापति डॉ. विजय गुप्ता,क्रमशः वरीय उप सभापति डॉ. विभा कुमारी,संरक्षक कृष्ण सिंह बिमल,कोषाध्यक्ष हरीश आदि थे।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री का छपरा में चुनावी दौरा व जनसंपर्क

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। पूर्वोत्तर रेलवे पर ट्रेड यूनियन मान्यता हेतु चुनाव 4-6 दिसंबर 2024 को है। इसके लिए रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। इसके लिए पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ आगामी मान्यता चुनाव हेतु अपना चुनावी दौरा तेज कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वाराणसी मंडल अध्यक्ष डॉ ए एच अंसारी ने बताया कि महामंत्री विनोद कुमार राय छपरा में प्रत्येक कार्य स्थल पर डोर टू डोर रेलवे कर्मचारियों से सम्पर्क किया और पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पक्ष में मतदान करने और भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस क्रम में छपरा में परिचालन , टीआरडी , कमर्शियल , इंजीनियरिंग , कैरेज एंड वैगन , संयुक्त क्रू लॉबी , सिगनल एवं मेडिकल विभाग का सघन दौरा किया और रेलवे कर्मचारियों से जनसंपर्क किया। इन सभी स्थानों पर रेलकर्मियों ने अपनी समस्याओं को पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री को बताया और महामंत्री ने समस्यायों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सभी रेलकर्मियों ने एक स्वर से पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ को वोट देने का वादा किया। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने आगामी यूनियन मान्यता चुनाव के लिए रेल प्रशासन से मांग किया है कि जो कर्मचारी अपने हेडक्वार्टर से बाहर ड्यूटी कर रहे हैं तथा जो कर्मचारी बीमार चल रहे हैं , उनका मतदान सुनिश्चित करने हेतु पोस्टल बैलेट उनके पते पर भेजा जाय। साथ ही दिव्यांग रेलकर्मियों का मतदान कैसे होगा इसकी व्यवस्था रेल प्रशासन सुनिश्चित करे। महामंत्री ने कहा कि जब कर्मचारियों का पास , छुट्टी आदि ऑनलाइन है तो प्रोमोशन भी रेलवे ऑनलाइन करे। पास के बदले कर्मचारी को रेलवे राशि मुहैया कराए। कर्मचारी से आठ घंटे ड्यूटी कराए।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि किसी रेलवे कर्मचारी का मतदान नहीं छुटे , इसके लिए रेल प्रशासन को मुस्तैद होना होगा। अन्यथा इसकी सारी ज़िम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। महामंत्री को रेलकर्मियों ने बताया कि उन्हें पोलिंग बूथ और मतदाता सूची की अभी तक कोई जानकारी नहीं है। रेलवे प्रशासन को रेलकर्मियों के बीच प्रचार - प्रसार करना चाहिए कि मतदान प्रक्रिया कैसे सम्पन्न कराई जाएगी। महामंत्री ने कहा कि रेलवे प्रशासन से मेरा आग्रह है चुनाव संबंधी कार्यवाही तेज करे और रेलवे कर्मचारियों को चुनाव की समस्त जानकारी दे , यह अति आवश्यक है।

इस जनसंपर्क में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ वाराणसी मंडल अध्यक्ष डॉ ए एच अंसारी , केन्द्रीय सहायक मंत्री एस आर सहाय , शाखा मंत्री अमिताभ गौतम , कोषाध्यक्ष प्रेम नाथ सिंह , देवेश सिंह , दीपक चौधरी , ओ पी सिंह , रवि भूषण सिंहा , एल के शर्मा , नवनीत कुमार , जी सी दूबे , धीरेन्द्र यादव , राजीव कुमार , सुबोध कुमार सिंह , संतोष कुमार , राजू कुमार , प्रतिमा कुमारी तथा काफी संख्या में रेलवे कर्मचारी मौजूद थे।

# अनियंत्रित कार एनएच 727 पर डिवाइडर से टकराकर पलटी, मची अफरातफरी

## बाल-बाल बचे कार में सवार लोग

प्रातः किरण, संवाददाता




बगहा। बेतिया-गोरखपुर मुख्य मार्ग एनएच 727 पर अचानक तेज रफ्तार कार पलटने से अफरा तफरी मच गई । कार इतनी तेज स्पीड में थी की बाइक चालक को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी मारते हुए डिवाइडर से टकरा कर चारों पहिया ऊपर हों गए ।हालांकि गनीमत रहीं की इस हादसे में कार चालक समेत अन्य लोग बाल बाल बच गए हैं लेकिन कार के परखच्चे उड़ गए हैं।घटना बगहा टाउन थाना क्षेत्र के रत्नमाला मस्जिद के पास की है ।कार फुटबॉल की तरह मुख्य सड़क पर उड़ते हुए पलट गईं लिहाजा काफी देर तक जाम की स्थिति बन गईं और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गईं। अनियंत्रित कार पलटने की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया है । लेकिन इसी बीच पुलिस को देखते हीं ग्रामीणों द्वारा कार से बाहर निकाला गया चालक मौके से फरार हो गया है ।स्थानीय ग्रामीण लादेन ने बताया कि तेज रफ्तार में बेतिया के तरफ से कार आ रहा था जिसके अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से बीच सड़क पर चारों चक्का ऊपर हो गया, लोगों ने जाकर आनन-फानन में ड्राइवर को कार से बाहर निकाले और दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को रोड साइड में किया गया, फिलहाल कार चालक खतरे से बाहर है।

इधर मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस नें कार को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बतादें की बाइक चालक के रॉन्ग साइड ड्राइविंग के दौरान सामने से आ रहीं तेज रफ्तार कार उसे बचाने में पलटी मार डिवाइडर से टकराने के कारण यह हादसा हुआ है लेकिन राहत की बात है की चालक और अन्य लोग पूरी तरह सुरक्षित बच गए हैं।

# वीटीआर जंगल में अनोखा और आकर्षक भेड़िया नामक मिला सांप

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। वीटीआर जंगल नैसर्गिक विविधताओं से भरा पड़ा है।अनायास कभी कभी आप को विस्मित करने वाली घटना या जीव देखने को मिल जाते हैं,जिसपर बरबस विश्वास करना मुश्किल हो जाता है।ऐसा ही एक अद्भुत व अनोखा सांप वीटीआर जंगल मे देखा गया।हालांकि यह सांप एक विशेष प्रकार का गैर-विषैला साँप है,जो भारत और इसके आसपास के देशों में व्यापक रूप से पाया जाता है। जिसे हम वैज्ञानिक भाषा में (लीकोडॉन ऑलिक्स)के नाम से जानते हैं,भारत और इसके आसपास के क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक खास और दिलचस्प साँप है। यह साँप अपने नाम की तरह ही अद्वितीय है। भेड़िया साँप नाम सुनते ही इसके बारे में एक रहस्यमय छवि उभरती है, लेकिन हकीकत में यह साँप उतना ही शांत और सुलझा हुआ है।यह साँप अपनी आकर्षक धारियों और चमकदार त्वचा के कारण तुरंत पहचान में आ जाता है। काले, भूरे या धूसर रंग की इस साँप की त्वचा पर सफेद या हल्के पीले रंग की धारियाँ इसे और भी खूबसूरत बनाती हैं। न्यूज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि इसका आकार छोटा होता है, लेकिन इसकी तेज आँखें और फुतीर्ला स्वभाव इसे एक कुशल शिकारी बनाते हैं।

भारतीय भेड़िया साँप की एक और खासियत यह है कि यह ज्यादातर गाँवों और खेतों के आसपास देखा जाता है। यह साँप किसानों के लिए एक वरदान की तरह है, क्योंकि यह चूहों और अन्य छोटे जीवों का शिकार करके उनकी संख्या को नियंत्रित करता है। इसे देखते ही डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह साँप विषहीन है और इंसानों के लिए खतरनाक नहीं होता। हाँ,अगर इसे परेशान किया जाए, तो यह अपने नुकीले दाँतों से काट सकता है, जो थोड़े समय के लिए दर्द दे सकता है।

# श्रीचित्रगुप्त समिति के प्रीति भोज में दिखा एकजुटता एवं अपनापन का भाव

## एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होने का दिलाया विश्वास

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के एक सप्ताह बाद श्री चित्रगुप्त समिति द्वारा आयोजित प्रीति भोज में चित्रांश परिवार से जुड़े चित्रांश व्यक्तियों सहित शहर के कई गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा एक दूसरे के बीच भाईचारा,अपनापन,लगाव सदैव रखने एवं सुख दुख के साथी होने का भाव को शेयर किया।

समिति के संरक्षक गुंजेश्वर प्रसाद वर्मा,अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा,उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव,जनार्दन प्रसाद श्रीवास्तव,महासचिव विमल कुमार वर्मा,संयुक्त महासचिव राकेश नारायण सिन्हा,सचिव मनीष रंजन,कोषाध्यक्ष हरिकिशोर श्रीवास्तव,आदि के देखरेख में आयोजित इस प्रीति भोज में छपरा शहरी क्षेत्र के सभी दिशाओं के चित्रांश परिवार के सदस्यों ने शरीक होकर अपनी एकजुटता,लगाव,अपनापन एवं भाईचारा का संदेश दिया।

: समिति के संयुक्त महासचिव राकेश नारायण सिन्हा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष संपन्न हुई श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के बाद आयोजित इस प्रीति भोज में पूर्व प्राचार्य डॉ.एम के शरण, ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा,अजीत कुमार सिन्हा

अखिलेश्वर प्रसाद,मनोज कुमार,अभिषेक रंजन,पारस नाथ श्रीवास्तव,अरुण कुमार श्रीवास्तव,योगेंद्र प्रसाद वर्मा,मनीष रंजन सिन्हा, अंबदत्त गुंजन,शिशिर कुमार मदन मोहन प्रसाद,अतुल कुमार श्रीवास्तव,धनंजय श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव,ई .अभिजीत श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोगों के अलावा काफी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा ली ।साथ ही,सभी ने कहा कि श्रीचित्रगुप्त समिति अपनी पुरानी कार्यशैली एवं परंपरा को जीवित रखी है और आज के पारिवारिक मिलन सह प्रीति भोज ने सही मायने में इसे धरातल पर उतरकर चरितार्थ भी कर दिया।

समिति के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए आदर के साथ उन्हें इस प्रीति भोज में शरीक कराया।

इस प्रीति भोज को सफल बनाने में सुभाष चंद्र भास्कर ,रवि कुमार रविश,सुनील कुमार वर्मा,शुभम,रोशन , प्रकाश मणि,बिट्टू,सुबोध कुमार श्रीवास्तव,अरुण कुमार,कुणाल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

प्रारंभ में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष एवं आधुनिक बिहार के निमार्ता डॉ .सच्चिदानंद सिन्हा की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।इस मौके पर छपरा नगर निगम के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता,समाजसेविका चांदनी प्रकाश, अधिवक्ता बसंत कुमार सिंह, शम्भु नाथ चौबे,शिवशक्ति कुमार,मुकेश कुमार,मंटू शर्मा, राजीव कुमार,आदि भी शरीक होकर चित्रांश परिवारों के इस कार्यक्रम में सहभागी बने।

# त्रिदिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ

## समाजसेवी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सिंगही में राघव सेवा संस्थान सिंगही के तत्वावधान में त्रि दिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ हुआ। गरखा विधायक सुरेंद्र राम , जिला परिषद अध्यक्ष जयमित्रा देवी एवं लोजपा महासचिव बिहार प्रदेश राजनंदनी कुमारी तथा लोचन राय समाजसेवी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।

इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे । अध्यक्षीय संबोधन अखिल तिवारी ने प्रस्तुत किया, सचिव का प्रतिवेदन संजय कुमार (शिक्षक) ने रखा ,तत्पश्चात राजेंद्र प्रसाद राय के निर्देशन में खून का रिश्ता नाटक का मंचन किया गया ।

ठाकुर की भूमिका में हरिहर प्रसाद तो राजू एवं सूरज की भूमिका में शिवनाथ प्रसाद एवं अजय कुमार यादव ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया ।जॉन नरसिंह मांझी ,इंस्पेक्टर मनोज सोभनाथ पासवान, किशोरी नागेंद्र शर्मा एवं उत्तम की भूमिका में छोटू कुमार ने बेहतरीन अभिनय किया ।संग्राम जयप्रकाश यादव, दलजीत शंभू माझी तो नीरा एवं चंदा की भूमिका में रवि पटेल एवं अनिल कुमार ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। शाका नागेंद्र राय यमराज दिलीप राय , वीरेन्द्र साह (मुखिया),के साथ साथ राहुल कुमार,विकास कुमार ,गुड्डू कुमार ,प्रदीप कुमार ,बीरबल राय, अशोक कुमार ,कृष्णा राय ,इंजीनियर सुनील कुमार , कृष्ण कुमार भास्कर,कमलेश कुमार(शिक्षक),सुशिलकुमार,दीनानाथ रजनीश एवं राजकुमार साह का योगदान सराहनीय रहा।

# वैदिक मन्त्रोंचार के साथ श्री राम जानकी हनुमत महायज्ञ आरंभ



प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा रसूलपुर प्रखंड के असहनी गांव में रविवार के दिन अक्षय नवमी से श्री राम जानकी हनुमत महायज्ञ कहां प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जहां बाबा महेंद्रनाथ स्थित कंमलदाह सरोवर से जल भरी यात्रा प्रारंभ होकर पुनः सदाशिव मंदिर के प्रांगण स्थित यज्ञ मंडप में पहुंचो जहां यज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मीनिधी मिश्रा यज्ञ संचालक सच्चिदानंद पाण्डेय ने जानकारी दिया ।

जल भरी यात्रा में सच्चिदानंद पाण्डेय के साथ साथ अरुण दुबे राहुल दुबे संदीप तिवारी सिद्धेश्वर पाण्डेय शिक्षक यज्ञ यजमान पंकज पाण्डेय एवं अर्चना पाण्डेय विकाश सिंह राठौर मिठू पाण्डेय रितेश तिवारी पंकज तिवारी मंदिर पुजारी नागा बाबा गजाधर आदि सामिल थे।

# अक्षय नवमी के पर युवा ब्राह्मण चेतना मंच ने विभिन्न मंदिरों में आंवला पूजन का किया आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा । अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर छपरा शहर के महर्षी दधिचि आश्रम उमानाथ मंदिर परिसर दहियांवा,बाबा बटुकेश्वर नाथ पंच मंदिर दौलतगंज, बहुरिया कुलपति कुंवर मंदिर कटरा बाजार सहित विभिन्न मंदिरों में आंवला वृक्ष पूजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आचार्य गणेश दत्त मिश्रा एवं आचार्य ध्रुव कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा ने कथा वाचन कर अक्षय तिथि आंवला के महत्व को बताया । आज का किया हुआ दान का क्षय नहीं होता है वह अक्षय रहता है। आंवला वृक्ष में 108 बार फेरी लगाकर मौली सूत्र को बांधकर महिलाएं अक्षय सुहाग का वरदान पाती है । सभी महिलाएं ने आंवला वृक्ष के नीचे दान किया एवं प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष सर्व विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसाद जिला प्रमुख अरुण पुरोहित में मनुष्य जीवन में आंवला अमृत है उसके सेवन पर प्रकाश डाला। आंवला के नित्य उपयोग करने से शरीर निरोग रहता है पाचन क्रिया मजबूत होती है कब्ज की शिकायत नहीं मिलती आंवला में भरपूर कैल्शियम होने से वह शरीर की हड्डी को मजबूत करता है जोड़ों का दर्द नहीं होता । आज के दिन वाला वृक्ष के नीचे भोजन प्रसाद ग्रहण करने से शरीर निरोगी रहता है।

# तरैया में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा हुआ सम्पन्न

प्रातः किरण, संवाददाता



तरैया। प्रखण्ड के आदर्श मध्य विद्यालय तरैया में रविवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया ।जिसमें पांचवां, सातवां,आठवां,नौवां,दसवां और बारहवीं कक्षा के 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा 100 अंक की थी ।जिसमें गणित,विज्ञान,हिन्दी,सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी से 20-20 अंक प्रश्न पूछे गए गए थे ।प्रश्नों का उत्तर ओएमआर शीट पर देना था। छात्रा करिश्मा,निधि, किरण,सोनम,सोनाक्षी, खुश्बू, श्वेता,रीना,जिया,साक्षी,बबली,रौशनी,इशिका,प्रियंका, शाहनाज, छात्र सुजीत,अनिकेत,अभिषेक, विक्की,वीरू,पीयूष,आदित्य व अन्य ने परीक्षा के उपरान्त बताया कि परीक्षा देकर बहुत अच्छा लगा ।परीक्षा हॉल में ऐसा महसूस हो रहा था कि हमलोग किसी बड़े प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए है ।केन्द्राधीक्षक नवल किशोर यादव ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।


परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्रा परीक्षा देने के बाद काफी उत्साहित थे ।पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा से बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास होता है ।तथा हौसला बुलंद होता है ।उक्त मौके पर परीक्षा के सचिव चंदन कुमार,समन्वयक अवधेश गुप्ता,धर्मेन्द्र कुमार, विजय पासवान,अभिनन्दन मुकेश व अन्य उपस्थित थे।

# व्यवसायी को गोली मारकर लाखों रुपए की लूट ,अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा । पीड़िता ने इस संबंध में स्थानीय थाना क्षेत्र के परसागढ़ बाजार निवासी उमाशंकर रस्तोगी का पुत्र श्याम किशोर रस्तोगी ने अपने दर्ज प्राथमिक की में कहा है कि हम अपने चार पहिया वाहन से देवढीया गांव निवासी स्वर्गीय मुसाफिर राय के पुत्र विपिन राय के साथ अपने घर से बिजनेस का पैसा वसूली करने के लिए मसरख गए हुए थे । वहां से लौटने के पश्चात एकमा बाजार में भी वसूली कर अपने घर लौट रहे थे इसी बीच एकमा से पारसा केसरी जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित पेट्रोल पंप से 100 मीटर की दूरी पर एक मोटरसाइकिल पर तीन अज्ञात अपराधियों ने मेरा स्कॉर्पियो गाड़ी को ओवरटेक कर मेरे गाड़ी के ऊपर गोली फायर कर दिया जिसे मेरे बाएं हाथ के बाह में गोली लग गई एवं मैं भयभीत हो गया इसी बीच अपराधी ने मेरा कलेक्शन किया गया हुआ पैसा से भरा बैग में करीब दो लाख रुपए और मेरा ड्राइवर विपिन कुमार का मोबाइल को भी लूट कर अपराधी पीछे मुड़कर हुस्सेपुर की तरह भाग गए । पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर मामले के जांच में जुट गई है घायल का इलाज एकमा के निजी क्लीनिक में किया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले कि जांच में जुट गई है।

# 17 नवंबर को अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन का भव्य आयोजन



प्रातः किरण, संवाददाता

आरा । स्थानीय संस्थान डॉ. जया जैन शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण ट्रस्ट द्वारा स्व. सन्मत कुमार जैन की 125वीं जयंती पर 17 नवम्बर को स्थानीय जेल रोड स्थित होटल ललिता पैलेस में शाम 5 बजे से आरा का प्राचीन आयोजन अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन का आयोजन होगा । इस सम्मेलन में आराःराष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संगीतज्ञों की प्रस्तुतियां होंगी । इसकी तैयारी को लेकर ट्रस्ट के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई । डॉ. जया जैन ने बताया की इस सम्मेलन में लखनऊ से सितार वादन में नीरज मिश्रा, कोलकाता से शास्त्रीय गायन में विदुषी सोमा मुखर्जी, बनारस से तबला वादन में उदय शंकर मिश्रा, पटना से कथक नृत्य में राजीव रंजन, तबला वादन में राजेश सिंह, हारमोनियम संगति में संतोष अनिशाबादी व सीवान से तबला संगीत में पप्पू महाराज शिरकत करेंगे । डॉ. जया जैन ने बताया की सम्मेलन का उद्देश्य आरा की सांगीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित करना है

# महानगरों के लिए चलाई जा रही है स्पेशल ट्रेन

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। छठ महापर्व के सम्पन्न होने के पश्चात छठ यात्रियों की वापसी यात्रा में होने वाली भीड़ को देखते हुए वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सतर्कता बरतते हुए पूरी सुरक्षा के साथ छठ यात्रियों एवं वरिष्ठ रेल यात्रियों को सुरक्षित आवाजाही में अपनी सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं ।इसी क्रम में 22 नवम्बर तक छपरा जं स्टेशन होकर विभिन्न महानगरो के लिए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रहीं हैं। वापसी यात्रा में रेलयात्रियों की भीड़ को कतारबद्ध कर ट्रेनों में चढ़ाया जा रहा है। टिकट काउंटर पर रस्सियों से बैरिकेट बनाकर पंक्तियों में टिकट दिलाया जा रहा है। प्लेटफॉर्म पर भीड़ का ओवरफ्लो रोकने के लिए अस्थाई बैरिकेट एवं रस्सियों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ध्वनि विस्तारक यन्त्रो की सहायता से यात्रियों को प्रबंधन निर्देश दिये जा रहे है और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है ।छठ पूजा के बाद अपने-अपने काम पर लौट रहे छठ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए रेल कर्मयोगी/रेल सेवक पूरी मुस्तैदी के साथ लगातार सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

छपरा स्टेशन परिसर में छठ यात्रियों के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया में स्पेशल गाड़ियों के समय से पूर्व आये यात्रियों को रखा जा रहा है , स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में छठ पूजा के लिए बने नियंत्रण कक्ष से स्टेशन ,गाड़ियों एवं प्लेटफार्मो पर होने वाली गतिविधियों पर सी सी टी वी मॉनिटरिंग रूम से नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार भीड़ प्रबंधन हेतु निर्देश दिए जा रहे है।

छपरा स्टेशन में एकल प्रवेश एवं एकल निकास मार्ग निर्धारित किया गया है। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त आरक्षित/अनारक्षित टिकट काउंटर खोले गए हैं। स्टेशन पर 8 घण्टे की तीन शिफ़्ट में साफ -सफाई,वाटर बूथों पर पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। छपरा स्टेशन से गुजरने वाली छठ स्पेशल गाड़ियों एवं छठ पर्व के पश्चात छपरा से आवागमन करने वाले यात्रियों का रिकार्ड मेनटेन किया जा रहा है ।

छठ पूजा के अवसर पर वाराणसी मंडल द्वारा छठ यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं इसके साथ ही छठ यात्रियों की भीड़ के प्रबंधन हेतु मंडल के छपरा एवं सीवान स्टेशनों पर छठ यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है, जहाँ यात्रियों को उनकी स्पेशल गाड़ियों की प्रतीक्षा करने की सुविधा दी गयी है जो उनको अनावश्यक भीड़ झभाड़ में होने वाली भगदड़ जैसी परेशानियों से बचाकर उनकी यात्रा को सुगम ,सुखद और सुविधाजनक बनाने में मददगार साबित हुआ है।

वाराणसी द्वारा छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भीड़ प्रबंधन सहित अन्य कई कदम उठाए गए हैं । यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं । अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ प्रमुख स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है । महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम तैनात की गयी है। वाराणसी मंडल में रेलवे सुरक्षा बल,राजकीय रेल पुलिस, स्काउट एंड गाइड के सदस्यों को भीड़ नियंत्रण के लिए लगाया गया है ।

यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए छपरा समेत प्रमुख मेला स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का प्रावधान किया गया है ।

# इस बार गलती दोहराना नही है,तरारी से एनडीए प्रत्याशी को जीताना है,एकजुट हो कर विशाल प्रशांत को जिताना है:आरके सिंह

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री दर्जनो गाँवो का दौरा कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट माँगा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा/तरारी/पीरो । पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा के पूर्व लोकसभा सांसद आर के सिंह लगातार दो दिन तरारी विधानसभा के दर्जनों गाँवो मे जनसंपर्क कर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत के समर्थन मे वोट की अपील की।

पूर्व मंत्री आर के सिंह रविवार को एकवारी,धवरी, बड़की खराँव,अटपा ,अंधारी,बिहटा, मोआपकला, खुटहा बाजार,पनवारी, सिकरहट्टा, कुरमुरी,देव,धनगाँवा,तरारी,बड़का गाँव ,पीरो नगर आदि गाँवो मे जनसंपर्क किए।वहीं शनिवार को भी केन्द्रीय मंत्री द्वारा एनडीए प्रत्याशी के पक्ष मे जनसंपर्क किया गया। उस दौरान अपने प्रिय नेता का जगह-जगह कार्यकताओ और समर्थको द्वारा फूल-माला,अंगवस्त्र और नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

बिहटा जनसभा मे माले के वरिष्ठ नेता मदन साव उर्फ सुग्रीव साव अपने समर्थको के साथ आर के सिंह और केन्द्र सरकार और बिहार सरकार के नीतियों और विकास कार्यो से प्रभावित हो कर एनडीए मे मिल गए। मिलन कार्यक्रम मे आर के सहि सहित जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह और अन्य नेताओ ने फूल माला और अंगवस्त्र पहना कर एनडीए गठबंधन में शामिल किए।

जनसंपर्क के दौरान विभिन्न गाँव मे जनसंबोधन करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय जो गलती हुआ है,वह गलती इस उपचुनाव मे नही होना चाहिए।केन्द्र मे नरेन्द्र मोदी और बिहार मे नीतीश कुमार की सरकार ने सभी क्षेत्रो मे विकास की है।समाज के सभी वर्गों मे विकास हुआ है। तरारी मे नौ वर्ष पहले जो विकास हुआ था,क्या नौ वर्षो में ऐसा हुआ है? तरारी में वही विकास दिखता है जो,सुनील पांडेय के समय में हुआ था।विगत नौ वर्षो में तरारी मे एक भी काम नही हुआ है।एनडीए गठबंधन विकास पर वोट मांगता है,लेकिन दूसरी तरफ राजद,माले के गठबंधन को कोई विकास से मतवब ही नही है।वे केवल समाज को बाँट कर वोट बनाते है। पूर्व मंत्री ने आह्वान किया कि हम बंटेगे नही,हम सभी मिलकर वोट करे और भारी मतों से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत को वोट करे।क्षेत्र के जनता द्वारा पूर्व मंत्री को आश्वस्त किया गया कि आप जैसे विकास पुरूष को खो कर हम लोग पश्चताप कर रहे है,लेकिन अब गलती नही दोहराएँगे और विशाल प्रशांत को विधानसभा भेंज़ कर तरारी मे विकास की धारा बहाएँगे।पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने लोकसभा चुनाव मे जनता के समर्थन मिलने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि हम हमेशा आप लोगो के समस्याओं के समाधान के लिए खड़े है। यदि विकास चाहिए तो कमल छाप पर बटन दबाएँ।गरीबो के लिए सारी योजनाएँ केन्द्र और राज्य का एनडीए सरकार ने दिया।एनडीए केवल विकास ही विकास करता है।आज सजग रहे और भाजपा को वोट दे।

कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष संजय सहि,सहार मंडल अध्यक्ष रविरंजन कुमार,सिकरहट्टा मंडल अध्यक्ष रामानुज सिंह,तरारी मंडल अध्यक्ष वृज बिहारी पांडेय,मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विभु जैन,शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कन्हैया सिंह,व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक आलोक अंजन,शंभु चौरसिया, आदित्य सिंह आदि, मंटु मुखिया,हरेन्द्र पांडेय,सीडी शर्मा, जदयू नेता प्रिंस बजरंगी,मंटु सिंह,शालिनी सिंह,दिनेश सिंह सहित एनडीए गठबंधन के नेता थे।

# नमस्ते बिहार कार्यक्रम में आईपीएस वैभव ने युवाओं में रोजगार के लिए फूंका बिगुल

■ 2047 के नए बिहार में अब नही होंगे कोई शिक्षित युवा बेरोजगार : विकास



प्रातः किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के तहत करगहर शिव मंदिर का परिसर में आयोजित नमस्ते बिहार कार्यक्रम में बिहार के चर्चित आईपीएस विकास वैभव ने शिरकत की। कार्यक्रम से पहले करगहर बाजार भाकपा नेता महेंद्र प्रसाद गुप्ता और उनके कार्यकाताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।और आम जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद से ही बिहार की दशा और दिशा को बदला जा सकता है। बिहार के विकास और व्यवस्था में परिवर्तन के लिए जनसंवाद को सबसे प्रभावी साधन मानते हुए वैभव ने अपने पुलिसिंग अनुभव साझा किए। इसी जनसंवाद से बाल्मीकि नगर जैसे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया। वैभव ने बिहारी शब्द को सम्मान दिलाने का संकल्प जताते हुए कहा कि कई जगहों पर बिहारी शब्द का अपमान होते देखा है, जिसे बदलना उनका मिशन है। उन्होंने अपनी पोस्टिंग के दौरान रोहतास और बगहा में उग्रवादियों और नक्सलियों से जनसंवाद स्थापित कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ा, जिससे क्षेत्र में शांति और विकास का माहौल बना। सोन महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत से लेकर रोहतासगढ़ किला पर तिरंगा लहराने तक के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि यह सब जनसंवाद के माध्यम से ही संभव हो पाया। विकास वैभव ने 2045 तक बिहार को विकसित राज्य बनाने की अपनी योजना साझा करते हुए कहा कि उन्हें ऐसा बिहार बनाना है कि कोई रोजगार के लिए बिहार से बाहर न जाए। सासाराम में 1 दिसंबर को बड़े कार्यक्रम की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और बिहार को बदलते देखना है। उन्होंने कहा कि जब हम स्वयं बदलेंगे, तभी बिहार बदलेगा। कार्यक्रम के दौरान बिहार अन्य वक्ताओं ने भी बिहार के विकास पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन सुरेंद्र तिवारी ने किया।मौके पर पुर्व जीप सदस्य शकील अहमद, पैक्स अध्यक्ष अवध बिहारी राय,भाकपा नेता महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील मिश्र,पुर्व मुखिया विनोद सिंह, गोपाल पाण्डेय,जगनारायाण गुप्ता,फेंकू सेठ,दीपक रंजन वर्मा, जितेंद्र बैठा,अनुपम पाठक, श्रीमन्नारायण सिंह, सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# क्षेत्र में विकास के लिए विशाल प्रशांत की जीत बेहद जरूरी: शांभवी चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भाजपा के युवा प्रत्याशी विशाल प्रशांत के समर्थन मे जनसभा को सबोधित करने रविवार को भी समस्तीपुर की युवा सांसद शांभवी चौधरी एवं शायन कुणाल ने तरारी विधानसभा के सेदहा, राजपुर, खैरा,सहार, खुटहा फतेहपुर सहित कई क्षेत्रों में पहुंचकर जनता से सीधा संपर्क किया.

उन्होंने बताया की विशाल प्रशांत की जीत क्यों जरूरी है.शांभवी चौधरी बिहार की सबसे कम उम्र की सांसद है.जो दलित समाज से आती है. उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बढ़ चढकर मतदान में हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि तरारी की जनता को विकास का कार्य यदि पटरी पर लाना है तो विशाल प्रशांत की जीत सुनिश्चित करना होगा। विशाल जी युवा है और सबको साथ लेकर चलने वाले हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी, के हाथों को मजबूत करने क लिए यह जीत आपके सहयोग से बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का काफी जनसमर्थन मिल रहा है। भाजपा को जिताने के लिए लोग काफी उत्साहित भी है। तरारी में मैं जितना घूमी, यहां जो 10 साल पहले विकास हुआ है इसका मेंटेनेंस भी नहीं किया गया। एक बार विशाल प्रशांत को जितने दीजिए पूरे तरारीक्षेत्र का कायाकल्प विकास के लिए होगाआपके एक-एक वोट से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदीजी को राजनीतिक ताकत मिलेगी. दलित महादलित समाज का जो सम्मान राजग ने दिया है वो कोई और नही दे सकता।श्री चिराग पासवान जी ने युवा वर्ग को आगे लाने का आह्वान भी किया है और आपके उम्मीदवार भी युवा है इसलिए आप सभी का साथ जरूरी है। वही इन्होंने कहा कि जो लोग बाहर रह रहे हैं, उन्हें भी हम 13 को यहां आमंत्रित कर रहे हैं कि मतदान कर क्षेत्र के विकास में भागीदार बनें. उनके साथ जनसभा में पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय,प्रखर समाजसेवी

श्याम कुणाल,लोजपा जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान , राहुल रणवीर,पूर्व मुखिया धर्मेंद्र कुमार, मनोज सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंटू सिंह, अनिल मौआर राजेश गुप्ता, महेश राम, धर्मेंद्र साह, शम्भू चन्द्रवँशी, राजीव पासवान सहित कई लोग थे.

# 52 साल में जिला को का मिलल का ना मिलल के सवाल पर जिला मुख्यालय तक पदयात्रा

प्रातः किरण संवाददाता




नासरीगंज(रोहतास) । आज दिनांक 10/11/2024 को सुबह 10 बजे से 10 संकल्प मांगो को लेकर भूमिहीन गरीब न्याय यात्रा शुरू किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विशाल कुमार कुशवाहा ने कहा की रोहतास जिला को बने हुए 52 साल बीत गए अरबों रुपया जिले के गट्टी बालू खनन से पटना राजस्व को गया लेकिन जिले वासी को इसका तनिक भी लाभ नही मिला,बिहार सरकार के लिए रोहतास जिले को केवल दूधरु गाय समझा गया है. विशाल ने कहा की हम सब अपनी हक की लड़ाई के लिए एकजुट होकर पदयात्रा निकाल रहे है,यहां की गरीबों,भूमिहीनों को घर बनाये बिना निर्लज सरकारें कैसे बालू खनन कर लेती है, सरकार भूमिहीनों गरीबों को पक्के की मकान, 5 डिसमिल जमीन तथा रोजगार के लिए 2 लाख रुपया देना सुनिश्चित करें, जिले को सरकारी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो, स्मार्टमीटर वापस लो तथा 200 यूनिट बिजली मुफ्त करों. किसानो की कर्ज माफ करों, नोखा विधानसभा अन्तर्गत नासरीगंज महादेवा खिरियाओ पथ का निर्माण, नासरीगंज घुस,दयालगंज तथा श्रीखंडा का लख का पुल निर्माण, जिला में उद्योग तथा नया रेलवे लाइन बिछाने आदि मांगो को लेकर आज नासरीगंज भगत सिंह वाचनालय से सासाराम तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया है, जो यात्रा नासरीगंज से नोखा होते हुए कल जिला मुख्यालय तक पहुंचेगी, इस यात्रा का उद्देश्य जिला के पिछड़े एवं आशा है जिला वासियों तक न्याय पहुंचना है एवं संघर्ष कैसे लड़ाई को पटना और दिल्ली तक पहुंचाना है इस भूमिहीन गरीब न्याय यात्रा में मुख्य रूप से पदयात्री रहे ।जेपी सेनानी वासिष्ठ सिंह, राहुल कुमार,धनजी यादव, महमूद आलम, जितेश कुमार, पारस नाथ चौधरी, रविकांत कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख, अशोक सिंह, सिमा देवी, सोनू गुप्ता, संगीता देवी, मंगरी देवी, नन्दलाल राम, शंकर सिंह, डॉ अमन कुमार, उर्मिला देवी।

# पूर्व सांसद डॉ. आरके सिन्हा के संगत पंगत जन जागरण रथ यात्रा का आरा में भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। समाज में एकता और जागरूकता का सन्देश फैलाने के प्रयासों के साथ निरंतर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे संगत पंगत अभियान के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ.आरके सिन्हा इन दिनों देश भर में संगत पंगत राष्ट्रीय जन जागरण यात्रा पर निकले हुए हैं. अब तक तीन चरणों की यह यात्रा पूरी हो चुकी है. चौथे चरण की यात्रा के दौरान राष्ट्रीय संगत पंगत जन जागरण रथ यात्रा रविवार को आरा पहुंची,जहां शहर के बाबू बाजार स्थित अति प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर में रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. संगत पंगत के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के आरा के श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुँचते ही भव्य स्वागत किया गया. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, युवा चित्रांश वाहिनी, क्रान्तिकारी कायस्थ विचार मंच समेत कई संगठनों ने पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा का फूल मालाओं और गगनभेदी नारों के साथ शानदार तरिके से स्वागत किया.

सबसे पहले संगत पंगत के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने श्री चित्रगुप्त मंदिर में संविधान सभा के पहले अध्यक्ष, बिहार निमार्ता डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान उन्होंने बिहार के सपूत डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक प्रसिद्ध वकील, पत्रकार, शिक्षाविद, सांसद और संविधान सभा के पहले अध्यक्ष थे. उन्होंने बंगाल से बिहार को अलग करने में अग्रणी भूमिका निभाई. इसके बाद भोजपुर जिले के विभिन्न गावों एवं शहरी क्षेत्र आरा के अलग अलग हिस्सों से कार्यक्रम में पहुंचे चित्रांशो को सम्बोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त ब्रम्हा के काया से पैदा हुए हैं. भगवान श्री चित्रगुप्त की हम सभी संताने हैं. आरा में अति प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर के नव निर्माण के लिए हर संसाधन मुहैय्या कराएँगे. उन्होने कहा की देश भर में समाज को एकजुट करने और उनके बीच जागरूकता का सन्देश फैलाने के लिए वे राष्ट्रीय संगत पंगत जन जागरण यात्रा पर निकले हुए हैं.यात्रा का उद्देश्य साफ है. संगत पंगत के माध्यम से समाज के विकास और उत्थान के लिए कई कार्य चल रहे हैं. देश भर में समाज को एकजुट करने के साथ ही चित्रांश समाज की गरीब बेटियों की श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर पटना सिटी में धूम धाम से शादी कराने, गरीब एवं मेधावी बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था करने , गरीब मरीजों के इलाज की व्यवस्था करने , गरीब युवकों को रोजगार की व्यवस्था करने जैसे कई कार्य संगत पंगत के माध्यम से सफलता पूर्वक संचालित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि संगत पंगत समाज को नई रौशनी दिखाने का राष्ट्रीय स्तर का एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म बन चुका है. देश के कोने कोने तक संगत पंगत अभियान की कड़ी जुड़ चुकी है. संगत पंगत चित्रांशो के साथ साथ सभी वर्ग के लोगों को जोड़कर समाज के प्रगति एवं विकास के लिए कार्य करने में जुटा हुआ है.डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की जयंती समारोह की अध्यक्षता संयुक्त रूप से मंदिर प्रबंध समिति के मुतवली पूर्व वार्ड पार्षद दिनेश कुमार मुन्ना एवं प्रो. दिनेश कुमार सिन्हा और संचालन सचिन कुमार सिन्हा ने की।

# तरारी में विकास को गति देने के लिए विशाल बेहद जरूरी:राजेश वर्मा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वैश्य समाज के बीच काफी लोकप्रिय खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा आज दूसरे दिन भी तरारी क्षेत्र के पीरो बजार,फतेहपुर,सिकर हटा,खुटहा,खैरा सहार कोरनडीह सहित कई गांव का दौरा किया. इस दौरान वैश्य समाज के लोगों से बैठकर बातचीत की एवं उनसे सुरक्षा, विकास एवं अमन चैन के लिए तरारी विधानसभा के प्रत्यासी विशाल प्रशांत के लिए उनसे वोट मगा. युवा संसद ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार है और बिहार में भी आदरणीय नीतीश कुमार के साथ हमारी सरकार चल रही है. हम चाहते हैं कि तरारी क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से जो विकास रुका है, वह विकास पटरी पर आए. एक बार आप विशाल प्रशांत की जीत सुनिश्चित कीजिए.आपके क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी. उन्होंने कहा कि विशाल प्रशांत एक युवा है और आपके हर सुख दुख में यह खड़ा रहेंगे. बैठक के दौरान वैश्य समाज के लोगों ने सांसद राजेश वर्मा को विश्वास दिलाया कि इस बार विशाल प्रसांत की जीत सुनिश्चित होगी. राजेश वर्मा ने लोगों से सीधा संपर्क कर विशाल प्रशांत के लिए वोट मांगा. इससे पहले हसनबजार में भी व्यवसाईयों से मिलकर बातचीत की थी. एवं बताया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी, के हाथों को मजबूत करने के लिए यह जीत आपके सहयोग से बेहद जरूरी है. उनके साथ पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, राहुल रणवीर, आशुतोष चौधरी, शाहित कई नेता शामिल थे.

# अयोध्या धाम से प्रभु श्री राम की आएगी बारात, तैयारियां पूरी

प्रातः किरण संवाददात



आरा । मारवाड़ी धर्मशाला टमटम पड़ाव आरा में विश्व हिंदू परिषद की इकाई धर्म यात्रा महासंघ की बैठक बुलाई गई। जिसमें अयोध्या से प्रभु श्री राम बारात का आगमन पर भव्य स्वागत एवं बारातियों को भोजन विश्राम की व्यवस्था पर परिचर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भोजपुर जिला धर्म यात्रा महासंघ के अध्यक्ष श्री मातादिन अग्रवाल ने किया एवं संचालन श्री रमेश कुमार मिश्रा ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम के संयोजक संतोष जी एवं सहसंयोजक अभिषेक चौरसिया (जिला सह मंत्री) विश्व हिंदू परिषद की घोषणा की गई। वहीं आरा नगर स्वागत समिति के संयोजक अमित पांडे तथा सहसंयोजक श्याम किशोर पाठक को बनाया गया। इस बैठक में धाम यात्रा महासंघ के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सनातनी सेना, हिंदू जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अन्य सनातनी संगठनों ने अपनी उपस्थिति दी जिसमें राम बारात के स्वागत एवं सेवाओं के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया गया। उक्त कार्यक्रम की योजना बनी की आगामी 28 नवंबर को राम बारात आरा में आगमन होगा जिनका स्वागत भोजपुरी इकाई द्वारा ब्रह्मपुर में किया जाएगा उसके बाद बारात आरा की ओर प्रस्थान करेगी। आरा में चंदवा में बारात का स्वागत के बाद कतीरा मोड, पकड़ी चौक होते हुए रमना मैदान मानस मंदिर में एक सभा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात भोजन एवं साधु संतों की विश्राम की व्यवस्था कराई जाएगी। उक्त कार्यक्रम के बाद बारात को कोईलवर से विदाई कर दी जाएगी। इस बैठक का धन्यवाद ज्ञापन भोजपुर इकाई के संतोष कुमार चौरसिया एवं शत्रुघ्न प्रसाद ने किया। इस बैठक में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें महासंघ के उपाध्यक्ष ताकेश्वर उपाध्याय, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री उपेंद्र तिवारी, विमल किशोर पाठक, ऋतिक ओझा, अखिल भारतीय विद्यार्थीपरिषद के छोटू सिंह अर्जुन प्रसाद, राजेश पांडे , हरिओम सिंह ,हरे कृष्णा सिंह ,मुकेश पोद्दार रविशंकर सिंह, हिंदू जागरण मंच से अरुण कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उत्तम सिंह, राजनंदे एवं कई सनातनी बंधु उपस्थित थे।

# रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में शिक्षा बचाओ संविधान बचाओ पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । श्री कृष्ण चेतना समिति सभागार में अखील भारतवर्षीय यादव महासभा ने यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में शिक्षा बचाओ संविधान बचाओ पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्री सत्यनारायण यादव ने किया।अपने सम्बोधन में प्रो सुरेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय किसी भी देश और समाज के बुनियाद होते हैं।विश्वविद्यालय को किसी भी एक विचारधारा, सरकार, जाति ,धर्म,भाषा, क्षेत्र का न होकर सभी का होता है।

विश्वविद्यालय का विश्व इन्हें वैश्विक ज्ञान, विज्ञान, अनुसन्धान विमर्श संवाद का केंद्र बनता है।भारत के संविधान के प्रस्तावना के मूल न्याय समता बन्धुता के मूल्यों पर ही उच्च शिक्षा के वजूद होना चाहिए मगर मौजूद दौर में उच्च शिक्षा के केंद्र इन विश्वविद्यालयों पर कई तरह के खतरे आ पड़े हैं।प्रो गजेंद्र सिंह ने कहा कि देश भर के विश्वविद्यालयों पर एक विचारधारा को थोपा जा रहा है जिससे उच्च शिक्षा के स्वायत, निष्पक्ष, तटस्थ, समावेशी व संविधान पर आधारित चरित्र नष्ट हो रहा है।शिक्षकों को ठेके पर खकर विश्वगुरु बनने के ख्वाब देखा जा रहा है जो बेहद खतरनाक है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि विश्वविद्यालय के भीतर हर स्तर पर जातिगत, लैंगिक और अन्य किस्म के शोषण व भेदभाव बदस्तूर जारी है जिसके चलते देश भर के विश्वविद्यालयों में बंचित शोषित समाज के विद्यार्थियों, शोधकताओं और प्रोफेसर के साथ अनवरत अन्हो रहा हैजिसका जीता जागता उदाहरण प्रो लक्ष्मण यादव जी है।संगोष्टी में शामिल लोगों में सुदर्शन यादव विनोद कुमार गुप्तेश्वर शर्मा सुरेश यादव हरिकेश यादव जगदीश यादव जमुना यादव सरयू राय कामेश्वर सिंह बिरेन्द्र यादव प्रेमचंद राय भिखारी यादव दिनेश्वर सिंह श्यामबाबू राय नन्दकुमार राय बिरमनी सिंह सन्तोष सिंह मनीष सिंह देवकुमार सिंह राजकुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तरारी की लड़ाई राम नरेश राम की विरासत और सामंती अपराधी और उन्माद के ताकतों के बीच है : दीपंकर भट्टाचार्य

## भाकपा - माले महासचिव का तरारी विधानसभा में रोड सो, सहार से तरारी होते हुए पीरो पहुंचा सैकड़ों वाहनों का जत्था

प्रातः किरण संवाददाता




आरा । इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा - माले उम्मीदवार राजू यादव के जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनाव के अंतिम दौर में भाकपा - माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने रोड सो किया। जिसकी शुरूआत सहार में स्थित सामाजिक बदलाव के महानायक व तरारी में क्रांति के अलख जगाने वाले कॉमरेड राम नरेश राम के मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुई। रोड सो सहार से निकल खैरा में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर आगे बढ़ा। जो अनहारी, बिहटा, तरारी, करथ , जेठवार, नोनार, बिराहिमपुर, लोहिया चौक होते हुए पीरो के भागलपुर मोड़ पर समाप्त हुआ। रोड सो को जगह - जगह पर सैकड़ों गरीब - मजदूर, छात्र - नौजवान, महिलाओं ने फूल - माला से भव्य स्वागत किया और राजू यादव के समर्थन के नारे लगाते हुए कहा की सामंती व फासीवादी ताकतों को परास्त कर लाल झंडा ही तरारी में फहरेगा। रोड सो में महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य के आलावें भाकपा - माले पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, राज्य सचिव कुणाल, जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, उम्मीदवार राजू यादव, सुदामा प्रसाद- आरा सासंद, गोपाल रविदास - विधायक फुलवारीशरीफ, आदिब रिजीवी- विधानसभा चुनाव प्रभार व राजद नेता, बिके सिंह- वीआइपी नेता, मनोज मंजिल- पूर्व विधायक अगिआंव, शिवप्रकाश रंजन- विधायक अगिआंव, सरोज यादव- पूर्व विधायक बड़हर, लाल बिहारी सिंह- उपाध्यक्ष जिला पार्षद , हाकिम सिंह- पूर्व जिला पार्षद, मुकेश यादव - प्रमुख अगिआंव, शैलेंद्र राम- जिला अध्यक्ष युवा राजद सहित इंडिया गठबन्ध की सैकड़ो नेता शामिल थे।

दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि जब हम लोग हक दो वादा निभाओ आंदोलन कर रहे हैं और नीतीश जी को याद दिला रहे हैं कि आपने जो वादा किया उस मांग को पूरा करो। सभी गरीबों को पांच डिसमिल जमीन, पक्का आवास दो और तमिलनाडु के तर्ज पर 65% आरक्षण को नवमी अनुसूची में डालो तो तब नीतीश जी स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे का लाकर गरीबों को उजाड़ने की साजिश कर रहे हैं। बिहार में बच्चे स्कूल मांग रहे हैं तब भाजपा के नेता गिरिराज सिंह त्रिशूल की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तरारी विधानसभा का नजारा बदला हुआ है आपको 2020 का चुनाव याद होगा जब भाजपा अपराध की बात कर रही थी कह रही थी कि हम अपराधियों के साथ साथ गांठ नही करेंगे और आज जब यहां से माले की जीत हुई है जब मोदी जी से बहुमत जनता ने छीन ली है तो वही भाजपा अपराधी के साथ साठ - गाठ कर तरारी के साथ - साथ बिहार पर कब्जा करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में अपराधी को आगे कर चुनाव लड़ रही है। इसलिए फिर आपको चुना है कि एक तरफ रामनरेश राम की परंपरा है जो गरीबों,दलितों,अल्पसंख यकों के हक अधिकार की लड़ाई में कुबार्नी देने की परंपरा है और दूसरी तरफ इस परंपरा को तहस-नहस करने के लिए ससामंती ताकतों की दबदबा, सांप्रदायिक हिंसा का माहौल बनाने के लिए ,, अपराधियों का मनोबल बढ़ाने के लिए बीजेपी यह साजिश रच रही है।। इसलिए 13 तारीख को झंडे पर तीन तारा पर इतना बटन दबाए की रिकार्ड मतों से राजू जी जीत जाए।

# जमुआ में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन



काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के जमुआ में संत विज्ञानं देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. सदाफल देव जी महाराज विहंगम योग के जिला सचिव नवलकिशोर सिंह ने बताया कि रोहतास जिला में कुल आठ स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने ने बताया कि चिकित्सक डा. दिलीप कुमार के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम ने काराकाट प्रखंड क्षेत्र के जमुआ में स्थित विश्वनाथ सिंह के दलान पर आयोजित रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर अभय सिंह, रिंटू सिंह, विध्यांचल सिंह, अविनाश सिंह, हरेंद्र पांडेय, नरेंद्र कुमार सिंह सहित कई लोगों ने शिविर के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे जायेंगे विद्युत कनेक्शन

बिक्रमगंज(रोहतास) : विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली कनेक्शन काटी जा रही है । बिजली कंपनी ने इसके लिए अभियान तेज कर दिया है । बकायेदार उपभोक्ताओं के परिसर में विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मी जाकर बकाया विपत्र की राशि जमा करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं तथा विपत्र की राशि जमा नहीं करने पर उनका विद्युत संबंध अस्थायी रूप से विच्छेद की जा रही है । वित्तीय वर्ष के अंत में राजस्व का लक्ष्य पूरा करने के लिए बिजली कंपनी ने यह अभियान शुरू किया है । बिक्रमगंज सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार द्वारा बताया गया कि जो उपभोक्ता किस्त में बकाए राशि को जमा करना चाहते हैं तो वे विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय बिक्रमगंज से ही संपर्क स्थापित कर किस्तीकरण करा सकते हैं ।





लॉरेंस गैंग की धमकी के बाद लिया यह एक्शन

## सिकंदर के सेट पर सलमान खान की बढ़ा दी गई सुरक्षा

**बॉलीवुड** दबंग सलमान खान और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म सिकंदर की शूटिंग के लिए हैदराबाद के फलकनुमा पैलेस पहुंच चुके हैं। फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकियों के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सलमान खान को हाल ही में एक नई धमकी मिली है जिसमें पैसे मांगे गए हैं। पुलिस इस धमकी की जांच कर रही है। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से हाल ही में मिली धमकियों के मद्देनजर , हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म सिकंदर के सेट पर बॉलीवुड स्टार सलमान खान के लिए सुरक्षा उपायों को कथित तौर पर काफी बढ़ा दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने पीटीआई को बताया, ÷लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से अभिनेता को मिली धमकियों की पृष्ठभूमि में सलमान खान के सिकंदर की शूटिंग हैदराबाद के पुराने शहर के एक स्टार होटल में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही थी। उन्होंने आगे कहा, सुरक्षा कड़ी कर दी गई है क्योंकि सलमान खान को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। जबकि पुलिस ने कोई और विवरण साझा करने से इनकार कर दिया, रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सलमान खान के पास सरकारी सुरक्षा के अलावा अपनी खुद की सुरक्षा भी है।

## 19 साल बाद फैंस के बीच लौट रहा है शक्तिमान

शक्तिमान के नाम से मशहूर अभिनेता मुकेश खन्ना ने अपने शो का एक टीजर जारी किया है, जिससे उनके प्रतिष्ठित सुपरहीरो की वापसी के लिए उत्सुकता और भी बढ़ गई है। मुकेश खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर शक्तिमान की बहुप्रतीक्षित वापसी की घोषणा करते हुए पहला पोस्टर और टीजर जारी किया है।




सुपरहीरो था, और वह बैटमैन या स्पाइडर-मैन नहीं था। यह प्रतिष्ठित टीवी शो शक्तिमान था। और अब एक बार फिर बच्चों का यह पसंदीदा सुपरहीरो दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए फिर से स्क्रीन पर वापस आ गया है। अब 19 साल बाद मुकेश खन्ना ने एक बार फिर फैंस को शक्तिमान की झलक दिखाई है और उनका उत्साह सातवें आसमान पर ला दिया है। शक्तिमान के नाम से मशहूर अभिनेता मुकेश खन्ना ने अपने शो का एक टीजर जारी किया है, जिससे उनके प्रतिष्ठित सुपरहीरो की वापसी के लिए उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

### मुकेश खन्ना ने साझा किया टीजर

उनकी पोस्ट में लिखा था, उनके लौटने का समय आ गया है...हमारे पहले भारतीय सुपर टीचर- सुपर हीरो...हां! जैसा कि आज के बच्चों पर अंधकार और बुराई हावी हो रही है...उनके लौटने का समय आ गया है...वह एक संदेश लेकर लौट रहे हैं। वह एक शिक्षा लेकर लौट रहे हैं।

## जब ऐश्वर्या ने इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को करने से कर दिया मना

**बेमिसाल** खूबसूरती और शानदार अभिनय की मालकिन बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने भारतीय सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं। दर्शकों को ऐश्वर्या की अदाकारी बेहद पसंद भी आती है, लेकिन क्या आपको पता है कि उन्होंने करण जौहर की एक सुपरहिट फिल्म ठुकरा दी थी, जिसकी वजह जानकर आप भी चौंक जाएंगे। बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन इस एक और सुपर-डुपर हिट फिल्म के साथ अपने करियर में एक और यादगार भूमिका जोड़ सकती थीं, जिस फिल्म की यहां बात हो रही है उसका निर्देशन करण जौहर ने किया है। करण जौहर ने इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के लिए ऐश्वर्या को लीड रोल के लिए संपर्क किया था, लेकिन ऐश्वर्या ने यह कहते हुए इसे ठुकरा दिया कि दर्शक उनके किरदार को गलत तरीके से देखेंगे। आखिर ऐसी कौन सी फिल्म थी, जिसको लेकर ऐश्वर्या को भी करने में संकोच हुआ था।

देवदास और धूम जैसी फिल्मों में अपनी लाजवाब भूमिकाओं से लाखों दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने कई ऐसी भूमिकाएं ठुकरा दी हैं, जो शायद उनके प्रदर्शनों की लिस्ट में और भी अधिक प्रतिष्ठित किरदार जोड़ सकती थीं। उन छूटे हुए अवसरों में से एक था कुछ कुछ होता है में टीना की भूमिका, जो ऐश्वर्या के मना करने के बाद रानी मुखर्जी ने निभाया था। करण जौहर ने पहले इस भूमिका के लिए ऐश्वर्या से संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इस डर से मना कर दिया कि इसे उनके मॉडलिंग के दिनों की वापसी के रूप में देखा जा सकता है, जहां ग्लैमर और मिनी-स्कर्ट उनकी पहचान थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान करण ने एक बार साझा किया कि उनकी पहली फिल्म में तीसरे मुख्य किरदार को निभाना कितना चुनौतीपूर्ण रहा है, खासकर तब जब इसमें शाहरुख खान और काजोल को मुख्य किरदार के रूप में फाइनल कर लिया था। एक इंटरव्यू के दौरान करण ने कहा, मैंने सभी से पूछा था। मैं भिखारी बन चुका था उस फिल्म में। रानी मुखर्जी की भूमिका के लिए आठ अभिनेत्रियों ने मुझे पहले ही मना कर दिया था। मुझे लगा, अगर कोई न मिले तो मुझे खुद शॉर्ट स्कर्ट पहनकर वो रोल करना पड़ेगा। ऐश्वर्या राय के अलावा किसी ने भी नैरेशन सुनने के बाद मुझे वापस नहीं बुलाया।

## करण जौहर की चर्चित रोमांटिक फिल्में



## एक और रोमांटिक फिल्म के साथ वापसी करेंगे करण जौहर

**करण** जौहर अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। उनकी निर्देशित कुछ फिल्मों आज तक प्रशंसकों की पहली पसंद है। करण जल्द ही अपनी नई फिल्म के साथ निर्देशक के तौर पर कमबैक करने वाले हैं, जो कि एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है। फिल्म का नाम है- चांद मेरा दिल। आइए आपको बताते हैं करण जौहर की उन चुनिंदा फिल्मों के बारे में जिन्हें आज भी दर्शक पसंद करते हैं।



### रॉकी रानी की प्रेम कहानी

आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी में नजर आए थे। दोनों की इस प्रेम कहानी को प्रशंसकों ने बहुत प्यार दिया था। साथ ही कहानी में महिला सशक्तिकरण और जीवनशैली में कुछ नयापन लाने की भी बात की गई।

### कभी खुशी कभी गम

करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम को प्रशंसक आज भी देखना पसंद करते हैं। कभी खुशी कभी गम फिल्म में प्रेम कहानी के साथ रूढ़िवादी सोच और नए नए प्यार में पड़े दो प्रेमियों के बारे में भी दिखाया गया है। फिल्म में जया बचन और अमिताभ की शादीशुदा जिंदगी में कुछ डर दिखाया गया है। तो वहीं, शाहरुख और काजोल की लव स्टोरी जो कि शादी में बदल जाती है, उसे भी दिखाया गया है। साथ ही ऋतिक रोशन और करीना कपूर की लव स्टोरी को भी दिखाया गया है।

### कुछ कुछ होता है

काजोल और शाहरुख खान की लव स्टोरी को फिल्म कुछ कुछ होता है में दिखाया गया है। इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला।

जहां कॉलेज में एक लड़की को लड़के से प्यार हो जाता है, उसी लड़के को दूसरी लड़की से प्यार हो जाता है, दोनों शादी भी कर लेते हैं। शादी के बाद उसकी पत्नी की मौत हो जाती है और बेटी की एक स्कूल ट्रिप के दौरान फिर से दोनों कॉलेज के प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होती है।

### कभी अलविदा न कहना

कभी अलविदा ना कहना देव और माया की कहानी है, जो अलग-अलग लोगों से शादी करने के बावजूद एक-दूसरे से प्यार करने लगते हैं।

इसे संयुक्त राय अमेरिका में 90 दिनों की अवधि में शूट किया गया था। इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बचन और शाहरुख खान की मुख्य भूमिकाएं हैं।



## मेरी बेटी को कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा तो उसे मार डालूंगा

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने एक पिता होने की भूमिका और अपनी बेटी का ध्यान रखने को लेकर कुछ बातें कही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वरुण धवन ने कहा कि एक बेटी का पिता बनने पर आपकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। वरुण धवन ने अपनी बेटी लारा को लेकर कुछ बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी बेटी लारा को कोई भी तकलीफ पहुंचाने की कोशिश करेगा तो उसे वे मार डालेंगे। बातचीत में वरुण धवन ने कहा कि वे ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे कि उनकी बेटी को कोई भी किसी तरह का नुकसान पहुंचाए। वरुण ने कहा कि वे अपनी बेटी की रक्षा के लिए एक योद्धा भी बन सकते हैं। वरुण पिता बनने के बाद खुद में बहुत से बदलाव महसूस कर रहे हैं। वरुण धवन ने कहा, मुझे लगता है कि जब कोई भी कपल जब माता-पिता बनता है, तो यह एक मां के लिए एक अलग अनुभव होता है। मुझे लगता है कि वह एक शेरनी बन जाती है, लेकिन पुरुष के रूप में, मैं कहूंगा कि जब हम पिता बनते हैं, तो किसी कारण से, आप अपनी बेटी के प्रति सुरक्षा महसूस करते हैं। मुझे यकीन है कि आप बेटों के लिए भी महसूस करते हैं। वरुण धवन ने कहा कि उनकी बेटी को अगर कोई भी उसे थोड़ा भी नुकसान पहुंचाता है, तो मैं उसे मार डालूंगा। जब मैं ऐसा कहता हूं तो मैं पूरी तरह गंभीर होता हूं। सचमुच, मैं उसे मार डालूंगा।




## टिम्मी नारंग से तलाक पर ईशा कोप्पिकर का खुलासा

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने अपने तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने टिम्मी नारंग से नवंबर 2023 में तलाक ले लिया। शादी के 14 साल बाद तलाक लेने के इस निर्णय को ईशा ने कठिन बताया है। एक इंटरव्यू के दौरान ईशा ने अपने तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने कहा कि उन्हें लगता था कि टिम्मी उनसे अलग होने चाहते हैं इसलिए उन्होंने भी एक स्टेप पीछे ले लिया। उन्होंने तलाक के बारे में खुलकर बात की। ईशा ने कहा कि वे बस एक बात से परेशान थीं क्योंकि उन्हें यह गैरजिम्मेदाराना लगा क्योंकि ने नहीं जानती थीं कि उनकी बेटी रिआना इसे स्वीकार पाएंगी या नहीं। ईशा कोप्पिकर ने टिम्मी के अलग होने के बारे बात की है। रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने कहा कि वे ठीक से बता नहीं सकती कि क्या गलत हुआ लेकिन उन्हें लगा कि बस दोनों कुछ अलग हो गए थे। ईशा ने कहा कि वे जो सबसे अच्छा कर सकती थीं, उन्होंने वही किया।

## वापस आने की तैयारी में भूतनाथ, अमिताभ के साथ रंग जमाएंगे शाहरुख

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन (82) हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। वे आज भी लगातार फिल्मों में नजर आते हैं। अमिताभ की पिछली फिल्म साउथ इंडियन सुपरस्टार रजनीकांत के साथ 'वेट्टैयन' थी। इससे पहले वे प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर ब्लॉकबस्टर मूवी 'कल्कि 2898 एडी' में कमाल की भूमिका निभाकर लोगों का दिल जीतने में सफल रहे थे।




इस बीच खबर आ रही है कि 'भूतनाथ' फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर काम चल रहा है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग जारी है। हालांकि फिल्म की कास्ट को लेकर अभी कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। इसके पिछले दोनों पार्ट में अमिताभ बच्चन थे। साल 2008 में आई 'भूतनाथ' में अमिताभ भूत बने थे। इसमें शाहरुख खान और जूही चावला भी थे। साल 2014 में 'भूतनाथ रिटर्न्स' रिलीज हुई और इसमें भी अमिताभ ही लीड एक्टर थे। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर भूषण कुमार और बीआर फिल्म्स 'भूतनाथ' का सीक्वल लेकर आ रहे हैं जिसका टाइटल 'भूतनाथ 3' होगा। शूटिंग साल 2025 में शुरू होगी और रिलीज डेट का ऐलान अगले साल ही होगा।

-साभार एजेंसी




# रिलायंस का मार्केट कैप 74,563 करोड़ गिरा, टॉप-10 में से 6 की कंबाइंड वैल्यू

**मुंबई, एजेंसी।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 74,563 करोड़ रुपए कम हुआ है। एक हफ्ते पहले कंपनी की वैल्युएशन 18.12 लाख करोड़ रुपए थी, जो घटकर 17.37 लाख करोड़ रुपए रह गई है।

रिलायंस के अलावा, टेलिकॉम कंपनी एयरटेल की वैल्युएशन 26,275 करोड़ कम होकर 8.94 लाख करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की 22,255 करोड़ कम होकर 8.88 लाख करोड़ रुपए, आईटीसी की 15,449 करोड़ कम होकर 5.98 लाख करोड़, एलआईसी की 9,930 करोड़ कम होकर 5.79 लाख करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्युएशन 7,248 करोड़ रुपए कम होकर 5.89 लाख करोड़ रुपए रह गई है।

इधर, शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेड का मार्केट कैप 57,745 करोड़ रुपए बढ़कर 14,99,697 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, इंफोसिस का मार्केट कैप 28,839 करोड़, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 19,813 करोड़ और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 14,678 करोड़ रुपए बढ़ा है।




बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार, 8 नवंबर को सेंसेक्स 55 अंक की गिरावट के साथ 79,486 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 51 अंक की गिरावट रही, ये 24,148 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्तेभर के कारोबार के बाद बाजार में 238 अंक की गिरावट रही। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 850 गिरकर 54,913 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.90 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ।

देश में दो-तीन साल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्राओं का चलन बढ़ा। इसके चलते ट्रैवल इंश्योरेंस की डिमांड बढ़ रही है। हाल ही में कई फ्लाइट्स में बम की धमकियों के चलते यात्रा में देरी हुई या यात्रा रद्द करनी पड़ी। फ्लाइट लेट होने जैसी स्थितियों में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशों के मुताबिक संबंधित एयरलाइंस को भोजन, वैकल्पिक उड़ान या फुल टिकट रिफंड की व्यवस्था करनी होती है।

हालांकि, यह राहत तब लागू नहीं होती जब देरी असाधारण घटनाओं, जैसे बम की आशंका के कारण होती है, जो एयरलाइन के नियंत्रण से बाहर है। इसका मतलब है कि फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के चलते यदि यात्रा रद्द होती है तो नुकसान की भरपाई एयरलाइन नहीं करेगी। ऐसे में ट्रैवल इंश्योरेंस से राहत मिल सकती है। मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी की शर्तों के आधार पर बम की आशंका से हुई देरी या फ्लाइट डाइवर्ट होने के लिए रिफंड का दावा कर सकते हैं। इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस में 4 लाख तक कवरेज इंटरनेशनल ट्रैवल पॉलिसियां अक्सर बड़े मुआवजे के साथ आती हैं। ट्रिप डिले कवरेज 4200 से 84 हजार रुपए तक हो सकता है। इंश्योरेंस कंपनियां आपात स्थिति में होटल में रुकने के लिए 4 लाख रुपए तक का कवरेज देती हैं। साथ ही, रास्ते में फंसने पर 10,500 रुपए प्रति दिन के हिसाब से अलाउंस भी ऑफर भी करती हैं। हालांकि यह कवरेज पॉलिसी और इंश्योरेंस कंपनी पर निर्भर करता है।

## जीआर इंफ्रा को बीएसएनएल से मिला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट, शेयर पर रखें नजर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड को बीएसएनएल से भारत नेट फेज-3 प्रोजेक्ट के लिए बड़ा ठेका मिला है, जिस पर निवेशकों की नजरें टिकी हैं। कंपनी ने केरल में भारत नेट फेज-3 (मिडिल माइल) प्रोजेक्ट के पैकेज-16 के लिए सबसे कम बोली लगाई है, जो 867.54 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की है। जीआर इंफ्रा इस परियोजना के लिए रु1 बिडर यानी सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में सामने आई है। इस परियोजना में मिडिल माइल नेटवर्क का डिज़ाइन, सप्लाई, निर्माण, इंस्टॉलेशन, अपग्रेडेशन, ऑपरेशन और मेंटेनेंस शामिल हैं। इस कॉन्ट्रैक्ट को डिजाइन-बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर मोड पर किया जाएगा, जिसके तहत जीआर इंफ्रा नेटवर्क निर्माण के बाद इसे बीएसएनएल को सौंपेगी। कंपनी के शेयरों में इस खबर का असर देखने को मिल सकता है। सोमवार को जीआर इंफ्रा का शेयर 2.00त्न गिरकर 1,597.25 रुपये पर बंद हुआ, लेकिन पिछले एक साल में इसमें 38.64त्न की बढ़ोतरी हुई है

## संक्षिप्त समाचार

### छोटे होटल संचालकों को टिकाऊ प्रथाओं के लिए सरकार से प्रोत्साहन की दरकार : एचएआई




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के महासचिव एम पी बेजबरुआ ने कहा कि छोटे होटल संचालकों को टिकाऊ व्यवहार अपनाने के लिए सरकार से प्रोत्साहन मांगने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने पीटीआई-को बताया कि बड़े लक्जरी और पांच सितारा होटल संचालक टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने में सबसे आगे हैं, जबकि एचएआई के छोटे सदस्य लागत संबंधी मुद्दों के कारण पीछे हैं। बेजबरुआ ने कहा, पांच सितारा और लक्जरी होटल का रिकॉर्ड अनुकरणीय है, लेकिन हम चाहते हैं कि छोटे सदस्य टिकाऊ अभियान में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि एचएआई ने अपने सदस्यों और गैर-सदस्यों को टिकाऊ प्रथाओं के वैश्विक रूप से स्वीकृत प्रमाणन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश की है। उन्होंने आगे जोड़ा कि हालांकि इनमें से कुछ कार्यक्रम महंगे हो सकते हैं और कई छोटे होटल इतनी लागत नहीं उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में अगर किसी ने जल प्रबंधन, पुनर्चक्रण या प्लास्टिक के उपयोग से जुड़ी टिकाऊ प्रथाओं को अपनाया है, तो सरकार करों में कमी करके प्रोत्साहन दे सकती है।

### चंद्रबाबू नायडू ने विजयवाड़ा से श्रीशैलम तक डेमो समुद्री-विमान उड़ान का शुभारंभ किया



**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने विजयवाड़ा के प्रकाशम बैराज से नांदयाल जिले के श्रीशैलम तक समुद्री-विमान (सीप्लेन) डेमो उड़ान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विजयवाड़ा में कृष्णा नदी के किनारे पुन्नमी घाट पर समुद्री-विमान में सवार होकर डेमो उड़ान में भाग लिया। डेमो उड़ान शुरू करने के एक घंटे के भीतर ही वह नांदयाल जिले में श्रीशैलम परियोजना (जलाशय) के पानी पर उतर गए। उड़ान से उतरने के बाद नायडू का जिले के अधिकारियों ने स्वागत किया। नायडू के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू भी थे। बाद में, उन्होंने पहाड़ी की चोटी तक पहुंचने के लिए रोपवे का सहारा लिया और वहां से बस द्वारा श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम पहुंचे, और पूजा-अर्चना की। नायडू ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब हम समुद्री-विमान से यहां (श्रीशैलम) उतरे, तो मुझे एक अलग ही अनुभूति हुई। मैं 40 मिनट में आ गया और रनवे (पानी) बहुत ही चिकना और बेहतरीन था। मैं प्रकृति के बीच में उतरा। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे की हवाई पट्टी और हेलीकॉप्टरों के उतरने के दौरान होने वाली अशांति के विपरीत समुद्री-विमान का अनुभव सहज था। उन्होंने आश्वासन दिया कि बुनियादी ढांचे की स्थापना के बाद मार्च से श्रीशैलम के लिए नियमित समुद्री-विमान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उन्हें विजयवाड़ा में दुर्गा मंदिर और श्रीशैलम तीर्थस्थल, दोनों महत्वपूर्ण हिंदू आध्यात्मिक केंद्रों को समुद्री-विमान से जोड़ने का सौभाग्य मिला है।

## टॉप-10 में से 6 कंपनियों के एम-कैप में हुई भारी गिरावट, आरआईएल को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बिकवाली भरे कारोबार का असर देखने को मिला। जी हां, स्टॉक मार्केट में हो रहे उतार-चढ़ाव भरे कारोबार से जहां एक तरफ निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ बाजार की टॉप-10 फर्म के एम-कैप पर भी इसका असर हुआ है। पिछले सप्ताह शेयर बाजार की टॉप-10 कंपनियों में से 6 कंपनियों के एम-कैप में भारी गिरावट आई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार 6 कंपनियों के एम-कैप में संयुक्त रूप से 1,55,721.12 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। हालांकि. चार कंपनियों के एम-कैप में तेजी देखने को मिली है। पिछले हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज के एम-कैप में भारी




गिरावट आई, जिसकी वजह से यह टॉप लूजर रहा। इन कंपनियों के एम-कैप में हुई गिरावट देश की सबसे बड़ी वैल्यूएशन वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन में इस हफ्ते भारी गिरावट देखने को मिली। कंपनी का एम-कैप 74,563.37 करोड़ रुपये गिरकर 17,37,556.68 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,254.79 करोड़ रुपये कम होकर अब 8,88,432.06 करोड़ रुपये हो गया है। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 15,449.47 करोड़ रुपये घटकर 5,98,213.49 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम॰ का बाजार मूल्यांकन 9,930.25 करोड़ रुपये घटा।

## एलन मस्क की कुल संपत्ति में बड़ा इजाफा, तीन साल में पहली बार 300 बिलियन डॉलर के पार

न्यूयॉर्क सीएफआरए रिसर्च के वरिष्ठ इक्विटी विश्लेषक गैरेट नेल्सन ने बताया कि टेस्ला और सीईओ एलन मस्क शायद चुनाव परिणाम से सबसे बड़े विजेता हैं। हमारा मानना है कि ट्रंप की जीत कंपनी को और आगे बढ़ाने की रफ्तार में तेजी लाने में मदद करेगी।



अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कुल संपत्ति तीन साल में पहली बार 300 बिलियन डॉलर को पार कर गई। फोर्ब्स रियल-टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, मस्क की संपत्ति 300 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शानदार जीत के बीच मस्क की कंपनियों और उनकी खुद की संपत्ति में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सीएफआरए रिसर्च के वरिष्ठ इक्विटी विश्लेषक गैरेट नेल्सन ने बताया कि टेस्ला और सीईओ एलन मस्क शायद चुनाव परिणाम से सबसे बड़े विजेता हैं। हमारा मानना है कि ट्रंप की जीत कंपनी को और आगे बढ़ाने की रफ्तार में तेजी लाने में मदद करेगी।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के सहयोग से प्राथमिक और प्रारंभिक स्तर के शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

**भोपाल।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक विभाग, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया ने भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के साथ मिलकर भोपाल और आस-पास के जिलों के फाउंडेशनल और प्रिपरेटरी स्तर के शिक्षकों के लिए एक प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया। इस वर्कशॉप की थीम एंगेज, एक्सप्लोर, एम्पावर थी जिसका उद्देश्य प्राथमिक (3-5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों) की मूलभूत शिक्षा के लिये शिक्षकों को गतिशील, विद्यार्थियों पर फोकस करने वाला पढ़ाई का माहौल बनाने के लिए प्रशिक्षित करना था, जो संपूर्ण विकास, नवाचार और जिज्ञास को प्रोत्साहित करे, ताकि 21वीं सदी में सफलता की नींव रखी जा सके। इस कार्यशाला का संचालन अकादमिक सलाहकार और पेशेवर प्रशिक्षक डॉ. गुरजीत कौर भाटिया ने किया और इसकी अध्यक्षता भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष फादर सेबी एडट्टुकरन सीएमआई ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के लक्ष्यों और प्राथमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (नेशनल कैरिकुलम फ्रेमवर्क 2023) के अनुसार डिजाइन किया गया था, ताकि शिक्षकों को बच्चों की उम्र, रुचियों और सीखने की क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षण प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। इसमें इंटरैक्टिव सत्र, व्यावहारिक गतिविधियां और प्रारंभिक चरण के शिक्षकों के साथ आपसी चर्चाएं शामिल थीं। डॉ. गुरजीत कौर भाटिया ने प्राथमिक शिक्षकों को जीवंत, छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए उपकरणों से लैस करने के महत्व को रेखांकित किया जो समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं और पूछताछ-आधारित नवाचार को प्रेरित करते हैं। शिक्षकों को शुरुआती चरण की शिक्षा के लिए तैयार की गई नई शैक्षणिक तकनीकों से परिचित कराया गया।

## कॅम्पस लेकर आए नया ब्राण्ड कैंपेन 'मूव यॉर वे' विक्की कौशल के साथ; युवाओं को फैशन के ज़रिए अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करता है

**नई दिल्ली ।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक, कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड, ने आज ब्राण्ड अम्बेसडर विक्की कौशल के साथ अपनी नई ब्राण्ड कैंपेन फिल्म का अनावरण किया। कैंपेन की फिल्म युवाओं की भावनाओं पर रोशनी डालते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।




अभियान फिल्म मूव योर वे की अवधारणा पर केंद्रित है-- एक ऐसा विचार जिसके माध्यम से ब्राण्ड अपने व्यक्तित्व, अपने अंदाज़, और आत्मविश्वास के साथ जीवन की राह पर चलने का संदेश देता है। यह युवाओं को अपने व्यक्तित्व पर भरोसा करने और अपने बनाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम अपनी असली पहचान को अपनाते हैं, ज़िंदगी खुद ही हमें इनाम देने का तरीका ढूंढ लेती है।

फिल्म की शुरूआत विक्की कौशल के साथ होती है, जो एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ मीटिंग में हैं और अपने अनूठे अंदाज़ में, आत्मविश्वास के साथ फिल्म की भूमिका पर चर्चा करते नज़र आते हैं। जैसे ही डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अपना प्रस्ताव रखते हैं, विक्की अपनी ही दुनिया में खोये हुए नज़र आते हैं। जब उन्हें लगता है कि विक्की कोई रूचि नहीं दिखा रहे, तब वे उन्हें डबल रोल, यहां तक कि ट्रिपल रोल ऑफर करते हैं। इस बीच अचानक, विक्की डांस करने लगते हैं, फिर रुकते हैं और मुस्कराते हुए अपने स्टाइलिश कॅम्पस शूज़ की तरफ़ इशारा करते हुए कहते हैं ''डैम गुड शूज़, यार!'' डायरेक्टर और प्रोड्यूसर दोनों हैरान रह जाते हैं। फिल्म एक प्रभावशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, 'व्हेन यू मूव योर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू।, कॅम्पस मूव यॉर वे।'

कैंपेन के बारे में बात करते हुए प्रेरणा अग्रवाल, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, कॅम्पस एक्टिववियर, ने कहा, ''हम एक ऐसी युवा पीढ़ी को देख रहे हैं, जो न केवल गतिशील है, बल्कि फैशन के जरिए अपनी अनोखी पहचान को भी बेझिझक तरीके से व्यक्त कर रही है। और कॅम्पस शूज़ उनके साथ है, जो उन्हें ट्रेंड के मुताबिक, फैशनेबल फुटवियर प्रदान करता है, जो उनकी असली पहचान को दर्शाता है। हमारा 'मूव यॉर वे' कैंपेन सिर्फ एक संदेश नहीं है, यह आत्मविश्वास से भरी अपनी पहचान को अपनाने और अपनी राह खुद बनाने की आज़ादी का उत्सव है। हम विश्वास रखते हैं कि हर व्यक्ति को अपनी रुचियों के अनुसार निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, अपनी पहचान को बिना किसी संकोच के अपनाना चाहिए, और अपनी व्यक्तिगतता को ज़ाहिर करना चाहिए—चाहे वह उनके कैंपेन पर बात करते हुए विक्की कौशल ने कहा, ''हमारी यात्रा का पहला कदम है अपने आप पर भरोसा करना। यह कैंपेन एक संदेश से कहीं बढ़कर है; यह बताता है कि अगर आप अपने व्यक्तित्व को अपने अदांज़ में आत्मविश्वास के साथ अपनाते हैं, तो जीवन आपको सफलता के मार्ग पर ले जाता है। इस कैंपेन के साथ जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है। यह युवाओं को भरोसे के साथ अपना रास्ता चुनने और उस पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। एक ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है जो लोगों को अपने अंदाज़ में आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तित्व को दर्शाने में उनका साथ देता हैं

## दिव्यांगों को मिलेंगी और बेहतर सुविधाएं, लतिका और एचएबी फार्मास्यूटिकल्स की साझेदारी से मिशन होगा मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में करीब 40-90 मिलियन (चार से नौ करोड़) लोग किसी न किसी कारणवश दिव्यांग हैं। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार यानी आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 में 21 प्रकार के दिव्यांगों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें बौद्धिक विकलांगता, दृश्य हानि, श्रवण हानि, चलने-फिरने में अक्षमता, बोलने की समस्या, सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) और बौनापन शामिल है। ये सभी स्थितियां क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं। ऐसे लोगों को सशक्त बनाने और दिव्यांगों के जीवन को सुलभ बनाने के लिए गैर-लाभकारी संगठन (एनजीओ) लतिका निरंतर काम कर रही है। हाल ही में लतिका ने एचएबी फार्मास्यूटिकल्स के साथ साझेदारी की है ताकि दिव्यांगों के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। एचएबी फार्मास्यूटिकल्स ने लतिका एनजीओ के सेंटर ऑफ इंफ्लूयंस एंड इंक्ल्यूजन के लिए पूरी तरह से सुसज्जित डॉक्टर्स रूम तैयार किया है। इस बारे में लतिका के एक सदस्य ने कहा, हम इस समर्थन के लिए एचएबी फार्मास्यूटिकल्स के बहुत आभारी हैं। ये योगदान हमें दिव्यांगों को सुलभ वातावरण में आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में काफी मदद करेगा। इसका दिव्यांगजनों और उनके परिवार के जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ेगा।



## नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों से भारत, आसियान को हो सकता है फायदा: मूडीज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद चीन से व्यापार और निवेश प्रवाह दूर हो सकता है लेकिन भारत और आसियान देशों को इस बदलाव का फायदा हो सकता है। मूडीज रेटिंग्स ने एक टिप्पणी में कहा कि ट्रंप के पांच नवंबर को अगला राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिका की मौजूदा नीतियों में बदलाव आने की उम्मीद है। ट्रंप प्रशासन में बड़े राजकोषीय घाटे, संरक्षणवादी व्यापारिक कदमों, जलवायु-उपायों में गतिरोध, आव्रजन पर सख्त रुख और नियमों में ढील देने की उम्मीद है। मूडीज के मुताबिक, ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर अधिक आक्रामक आव्रजन नीतियों को आगे बढ़ा सकते हैं। हालांकि इस सख्ती से कृषि, खुदरा, आतिथ्य, निर्माण और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी हो सकती है। मूडीज ने ट्रंप की विदेश नीति के बारे में कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में व्यापार और निवेश प्रवाह चीन से दूर जा सकता है क्योंकि अमेरिका रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश को सख्त कर रहा है।



## एक साल में दिया 3484 प्रतिशरत का शानदार रिटर्न, इस शेयर ने 1 लाख के बना दिए 3600000

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेलनेस और स्वास्थ्य समाधानों की प्रदाता कंपनी आयुष वेलनेस ने एक साल के अंदर निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इस टाइम पीरियड में कंपनी के शेयरों ने 3484 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जबकि साल 2024 में अब तक शेयर 2000 प्रतिशत चढ़ चुका है। अगर किसी ने एक साल पहले शेयर में 1 लाख रुपए का निवेश लगभग 36 लाख रुपए हो गया होगा। पहले इसे आयुष फूड एंड हर्ब्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। आयुष वेलनेस न्यूट्रास्यूटिकल्स और सप्लीमेंट्स, ब्यूटी और वेलनेस उत्पादों, हर्बल स्वास्थ्य समाधानों और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर में विशेष रूप से कार्य कर रही है।

# मोहम्मद रिजवान के कप्तान बनते ही पाकिस्तान ने किया कमाल, ऑस्ट्रेलिया में 22 साल का सूखा खत्म

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में पाकिस्तान की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। पहले वनडे हारने के बाद टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2 मैच जीते और सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले पाकिस्तान की टीम 22 साल पहले 2002 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती थी। लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में मोहम्मद रिजवान के कप्तान बनने के बाद पाकिस्तान की यह पहली सीरीज है।

मोहम्मद रिजवान से पहले वकार यूनुस की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम ने 2-1 से ऑस्ट्रेलिया में 3 मैचो की सीरीज जीती थी। तब ऑस्ट्रेलिया के कप्तान रिकी पोंटिंग थे। लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान के कोच जेसन गिलेस्पी भी वह सीरीज खेले थे। वर्तमान सीरीज जीतने का श्रेय पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को जाता है। पाकिस्तानी पेसर्स ने 26 विकेट लिए। हारिस रऊफ ने 10, शाहीन अफरीदी ने 8, नसीम शाह ने 5 और मोहम्मद हसनैन ने 3 विकेट लिए।



**ऑस्ट्रेलिया की टीम 140 रन पर आउट** – मेलबर्न में खेले गए पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2 विकेट से जीत मिली थी। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन पर आउट हो गई थी। एडिलेड में खेले गए दूसरे मैं में पाकिस्तान को 9 विकेट से जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया की टीम 163 पर आउट हो गई। पाकिस्तान ने 1 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। पर्थ में खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की टीम 140 रन पर आउट हो गई।

**आधी टीम को मात्र 79 रन पर पवेलियन लौट गई** – पूरी सीरीज में संघर्ष करने के बाद ऑस्ट्रेलिया फिर से दबाव में दिखा। उसकी आधी टीम को मात्र 79 रन पर पवेलियन लौट गई। अंत में टीम पारी में 18 से अधिक ओवर शेष रहते हुए केवल 140 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने मात्र दो ओवर में 18/0 का स्कोर बना लिए थे, लेकिन पाकिस्तान को जल्दी ही बढ़त मिल गई। जेक फ्रेजर-मैकगर्क का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें नसीम शाह ने 7 रन पर आउट कर दिया।

**पहले दस ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 54/2 था** – तीसरे नंबर पर प्रमोट किए गए आरोन हार्डी ने कुछ शानदार शॉट खेले, लेकिन शाहीन अफरीदी उनका विकेट ले लिया। पहले दस ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 54/2 था, लेकिन नसीम ने मैच का रुख पलट दिया। जोश इंग्लिस पुल करने के प्रयास में आउट हुए। मैथ्यू शॉर्ट ने फिर डीप पर खड़े फील्डर के पास एक सीधी गेंद को मारा। इससे ऑस्ट्रेलिया की परेशानी और बढ़ गई।

**मैक्सवेल तीनों पारी में रऊफ की गेंद पर आउट** – हारिस राऊफ ने विकेट लिया। मेजबान टीम को एक के बाद एक झटके लगे। इस बीच कूपर कोनोली को ग्लव्स पर गेंद लग गई और वह मैदान से बाहर चले गए। फिर बल्लेबाजी के लिए वापस नहीं आए। ग्लेन मैक्सवेल को रनों की सख्त जरूरत थी, लेकिन रऊफ ने उन्हें फिर से शून्य पर आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 79/6 हो गया। मैक्सवेल तीनों पारी में रऊफ की गेंद पर आउट हुए।

**एडम जम्पा और सीन एबॉट ने 100 के पार पहुंचाया** – मार्कस स्टोइनिस के भी 25 गेंदों पर 8 रन बनाए ऑस्ट्रेलिया की स्थिति ऐसी हो गई लगा 100 के अंदर टीम आउट हो जाएगा। एडम जम्पा और सीन एबॉट ने उन्हें तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचाया। एबॉट के छक्के ने ऑस्ट्रेलिया को 140 रन तक पहुंचाया, लेकिन शाहीन ने तीन गेंदों के अंदर दो विकेट लेकर घरेलू टीम को ऑल आउट कर दिया।

**सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने पाकिस्तान को शानदार शुरुआत दिलाई** – दूसरे वनडे की तरह सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने पाकिस्तान को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 84 रनकी साझेदारी हुई। 18वें ओवर में दोनों आउट हुए। सैम अयूब ने 42और अब्दुल्लाह शफीक ने 37 रन बनाए। लांस मॉरिस को दोनों का विकेट मिला। आउट होने से पहले दोनों अपना काम कर चुके थे।

## सार समाचार

### भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज ने 28वीं बार जीता बिलियर्ड्स खिताब, इस खिलाड़ी को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी और स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने एक और खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। उन्होंने दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराकर 28वीं बार इसका खिताब जीता। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैंपियनशिप नहीं हुई थी। पंकज आडवाणी ने 151-94, 151-0, 150-84, 74-151, 6-154, 152-46 से जीत दर्ज की। यह लगातार सातवीं बार है जब पकंज यह खिताब अपने नाम करने में सफल रहे हैं। जीत के बाद पंकज आडवाणी ने कहा, विश्व बिलियर्ड्स खिताब बार-बार जीतकर अच्छा लगता है। यह मुकाबला हालांकि आसान नहीं था। प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी।

### एक ही देश में सारे शतक जमाने वाला बल्लेबाज

#### जो बना ऐसा करने वाला दुनिया का पहला खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आपने शतक मारने वाले बल्लेबाज तो खूब देखे होंगे. हर देश में शतक लगाने वाले भी देखे होंगे. लेकिन, क्या कभी ऐसा बल्लेबाज देखा है, जिसने अपने हर शतक की स्क्रिप्ट एक ही देश में लिखी है. कम से कम उसके ज्ञ20 इंटरनेशनल करियर की कहानी तो ऐसी ही है. टी20 इंटरनेशनल में उस बल्लेबाज ने अब तक जितने भी शतक जड़े हैं, वो एक देश में हैं और एक ही टीम के खिलाफ भी लगे. बड़ी बात ये है कि इस दिलचस्प रिकॉर्ड को बनाने वाला वो दुनिया का पहला बल्लेबाज है, जिसका नाम है फिल साल्ट.

#### फिल साल्ट ने वेस्टइंडीज में जड़ा तीसरा टी20 शतक

फिल साल्ट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार शतक लगाया. उन्होंने 103 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 6 छक्के शामिल रहे, ये उनके टी20इंटरनेशनल करियर का तीसरा शतक रहा. साथ ही वेस्टइंडीज में और वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया भी तीसरा शतक रहा.

#### पिछली 5 पारियों में जड़े तीनों शतक

फिल साल्ट का टी20 करियर 34 मैचों का है. लेकिन, इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ उसी की जमीन पर उन्होंने 10 मैच खेले हैं और उसमें 83 की औसत से 581 रन बनाए हैं, जिसमें उनके टी20 इंटरनेशनल करियर के तीनों शतक शामिल हैं. बड़ी बात ये है कि ये तीनों शतक उन्होंने वेस्टइंडीज में, वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली पिछली 5 पारियों में जमाए हैं.

#### कब-कब जमाया वेस्टइंडीज में शतक?

वेस्टइंडीज के खिलाफ उसी की जमीन पर टी-20 शतक जड़ने की शुरुआत 16 दिसंबर 2023 से हुई थी. इसके बाद दूसरा टी-20 इंटरनेशनल शतक साल्ट ने 19 दिसंबर 2023 को जड़ा और अब तीसरा शतक उन्होंने 9 नवंबर 2024 को जड़ा. यानी एक साल के अंदर उन्होंने अपने तीनों टी-20 इंटरनेशनल शतक से दुनिया को रूबरू कराया है.

दूसरे टी-20 इंटरनेशनल के बाद जब फिल साल्ट से इस बारे में सवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि उन्हें वेस्टइंडीज में बैटिंग करना पसंद है. वैसे भी वेल्स में जन्में फिल साल्ट का बचपन का वेस्टइंडीज में ही बीता है. उन्होंने क्रिकेट के गुर वहीं सीखे हैं और वहीं क्रिकेट खेलते हुए बड़े हुए हैं. ये एक बड़ी वजह हो सकती है, उन्हें वेस्टइंडीज के पिचों के रास आने की.

भारतीय एसीटी हॉकीः

# मिशन 2026 विश्व कप और 2028 ओलंपिक की शुरूआत एसीटी से, कोच हरेंद्र सिंह का बयान

**राजगीर, एजेंसी।** भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से मेजबान को चुनौती मिल सकती है। उन्होंने कहा, चीन से हमें सबसे ज्यादा खतरा है लेकिन हम किसी टीम को कमतर नहीं आंक रहे। अपना दिन होने पर कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर आगामी विश्व कप और ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिये अपने अभियान का आगाज करेगी। टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने लगातार खराब दौर देखा है। यह टीम पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी और एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच हार गई। कोच हरेंद्र ने कहा कि उनकी टीम ने इन नाकामियों को पीछे छोड़ने के लिए काफी मेहनत की है और नीदरलैंड में 2026 में होने वाले विश्व कप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर नजरें हैं। मलयेशिया के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले मैच से पूर्व हरेंद्र ने कहा, यह टूर्नामेंट भविष्य की हमारी योजनाओं का आधार होगा । यह 2026 विश्व कप और 2028 ओलंपिक के हमारे मिशन की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा, हमें सारी नाकामियों को भुलाकर अपनी गलतियों को सुधारना है। टीम में हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका बखूबी पता है। एसीटी ऐसा बड़ा मंच है जहां लड़कियां अपना कौशल दिखाकर साबित कर सकती है कि टीम सही रास्ते पर जा रही है। अमेरिकी पुरूष टीम के पूर्व मुख्य कोच रहे हरेंद्र ने कहा कि फिटनेस की कमी का खामियाजा मिला टीम को अतीत में भुगतना पड़ा है।



उन्होंने कहा, प्रो लीग में जो हुआ, वह अतीत की बात है। हम उस पर ठहरे नहीं रह सकते। हमें पता है कि हम 13 मैच हारे लेकिन अब उस पर माथापच्ची करने से कोई फायदा नहीं। कारण तकनीकी नहीं , रणनीति और फिटनेस से जुड़े थे। यही वजह है कि मैं उन्हें भारतीय नौसेना अकादमी लेकर गया था। उन्होंने कहा, मैने उनसे कहा कि मैं नतीजों की परवाह नहीं करता । मैं उनकी दैनंदिनी प्रगति पर फोकस कर रहा था। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से मेजबान को चुनौती मिल सकती है। उन्होंने कहा, चीन से हमें सबसे ज्यादा खतरा है लेकिन हम किसी टीम को कमतर नहीं आंक रहे। अपना दिन होने पर कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट

# कौन हैं नाथन मैकस्वीनी?

### ऑस्ट्रेलिया-भारत टेस्ट सीरीज में उस्मान ख्वाजा के होंगे पार्टनर, ओपनिंग का नहीं है अनुभव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने रविवार (10 नवंबर) को स्क्वाड का ऐलान कर दिया। टीम में नाथन मैकस्वीनी नए चेहरे हैं। वह उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करते दिखेंगे। इंडिया ए के खिलाफ दो मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज में वह ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान थे। दूसरे मैच में उन्होंने ओपनिंग की थी, लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में इंडिया ए के मैच को छोड़कर उनके पास ओपनिंग का अनुभव नहीं है।

मैकस्वीनी को उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। हालांकि वह इंडिया ए के खिलाफ एमसीजी में बतौर ओपनर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने 14 और 25 रन बनाए थे। इसके बाद भी उन्हें मार्कस हैरिस सहित विशेषज्ञ ओपनर बल्लेबाजों पर तरजीह दी गई है। इंडिया ए के खिलाफ पहले मैच में मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए दोनों पारियों में वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टॉप स्कोरर रह थे। दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 88 रन बनाए थे।

**मैकस्वीनी नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हैं** – शेफील्ड शील्ड में अपनी साउथ ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए मैकस्वीनी नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हैं। नंबर 4 पर ही पहले मैच में इंडिया ए के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया था। मैकस्वीनी ने कभी भी प्रथम श्रेणी में बल्लेबाजी की शुरुआत नहीं की है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने 25 वर्षीय खिलाड़ी पर ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन के कारण भरोसा जताया है।

#### रिची रॉबिन्सन के क्लब में मैकस्वीनी शामिल

मैकस्वीनी के हालिया प्रदर्शन ने उनके पक्ष में गया है। उनका प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड शानदार है। 33 मैचों में छह शतकों के साथ 38.82 का औसत ङ्क और उनकी नेतृत्व क्षमता ने भी प्रभावित किया है। 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए एकमात्र दिक्कत की बात नई गेंद खेलने का उनका अनुभव नहीं होना हो सकता है। उन्होंने नई गेंद का केवल तब सामना किया है जब उनकी टीम शुरुआती विकेट खो देती है। इससे पहले बगैर अनुभव किसी बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत 1977 में एशेज में की थी। रिची रॉबिन्सन वह बल्लेबाज थे।

# गॉफ ने पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता

### पेरिस ओलिंपिक चैंपियन झेंग को हराया; रिकॉर्ड 40.54 करोड़ रुपए मिले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की कोको गॉफ ने चीन की झेंग किनवेन को हराकर पहली बार ङ्कञ्ज फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। गॉफ ने शनिवार देर रात को खेले गए फाइनल में शानदार वापसी करते हुए पेरिस ओलिंपिक चैंपियन झेंग के खिलाफ 3-6, 6-4, 7-6 से जीत दर्ज की। रियाद में इस जीत के साथ गॉफ को 40.54 करोड़ रुपए मिले। तीसरी सीड गॉफ ने नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं, 22 साल की चीनी खिलाड़ी झेंग ने सेमीफाइनल में विबंलडन चैंपियन बारबरा क्राजीकोवा को मात देकर अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।



गॉफ फाइनल में पहुंचने से पहले ही 19.45 करोड़ रुपए अपने नाम कर चुकी थी। टाइटल जीतने के बाद उन्हें 21 करोड़ की प्राइज मनी दी गई। यानी गॉफ को महिला टेनिस के इतिहास में सबसे अधिक 40.54 करोड़ मिले।

गॉफ 21 साल से कम उम्र में यह टूर्नामेंट जीतने वाली चौथी अमेरिकी 1972 में डब्ल्यूटीए फाइनल्स शुरू होने के बाद से गॉफ 21 साल से कम उम्र में यह टूर्नामेंट जीतने वाली चौथी अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले क्रिस एवर्ट, ट्रेसी ऑस्टिन और सेरेना विलियम्स ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

**गॉफ ने झेंग को 3-6, 6-4, 7-6 से हराया।** – गॉफ ने टूर्नामेंट में चार टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया गॉफ 1990 के बाद पहली अमेरिकी हैं जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में चार टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया है। इससे पहले 1996 ओलिंपिक में लिंडसे डेवनपोर्ट ने यह कारनामा किया था। गॉफ ने इस साल स ओपन में हार के बाद अपने पिछले 14 मैचों में से 12 मैच जीतकर इस साल को खत्म किया। झेंग का भी सीजन शानदार रहा।

## हरियाणा के यशवर्धन ने बनाया रिकॉर्ड चौहरा शतक, नाबाद रन 426

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के ओपनर यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफ़ी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ शनिवार को रिकॉर्ड नाबाद 426 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज़ हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के समीर रिज़वी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। मुंबई ने सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार की सुबह को आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे। पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के ख़िलाफ़ चार और झारखंड के ख़िलाफ़ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में ओपनिंग पर भेजा गया था और उन्होंने अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की। रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। यशवर्धन ने अपनी मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब झज्जर के इस बल्लेबाज़ ने बड़ी पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा है। यशवर्धन ने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः



# केएल राहुल का टीम इंडिया से कट सकता है पत्ता, ये हैं तीन बड़े कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से हो रहा है, लेकिन सवाल है कि क्या भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल अपनी जगह बना पाएंगे? क्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केएल राहुल को मौका मिलेगा? आंकड़े बताते हैं कि केएल राहुल का हालिया फॉर्म बेहद खराब रहा है. पिछले दिनों न्यूजीलैंड के खिलाफ फ्लॉप शो के बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ निराश किया. ऐसे में केएल राहुल का टीम इंडिया से पत्ता कटना तय माना जा रहा है. हम नजर डालेंग उन 3 कारणों पर जिसकी वजह से केएल राहुल की भारतीय टीम से छुट्टी हो सकती है.

### बतौर बल्लेबाज लगातार फ्लॉप होना

केएल राहुल बल्लेबाज के तौर पर लगातार निराश कर रहे हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ फ्लॉप शो के बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ केएल राहुल सस्ते में पवैलियन लौट गए. न्यूजीलैंड के खिलाफ फ्लॉप शो के बाद भारतीय फैंस को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ केएल राहुल जरूर फॉर्म में वापसी करेंगे, लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया. जिस तरह केएल राहुल का फॉर्म चल रहा है, उसके मद्देनजर ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय टीम से केएल राहुल का पत्ता कट सकता है.

### ध्रुव जुरेल ने बढ़ाई केएल राहुल की टेंशन!

एक ओर केएल राहुल लगातार निराश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल लगातार अपना जलवा बिखेर रहे हैं. इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू सीरीज में शानदार पारी खेलने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ध्रुव जुरेल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की मुश्किल पिचों पर खुद को साबित किया है. ऐसा माना जा रहा है कि अब भारतीय टीम मैनेजमेंट ऋषभ पंत के बाद सेकेंड विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल के बजाय ध्रुव जुरेल का रूख कर सकते हैं.

### रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करेंगे यशस्वी जायसवाल?

पिछले दिनों न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भारत के लिए रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने ओपनिंग की. वहीं, ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एक बार रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं. वहीं, शुभमन गिल नंबर-3 पर लगातार बल्लेबाजी कर रहे हैं. ऐसे में केएल राहुल के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में जगह बनाना आसान नहीं होगा.

## संक्षिप्त समाचार

### हार के बाद ढीले पड़े हुड्डा के तेवर, नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर बोले- हाईकमान तय करेगा

**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के तेवर नरम हो गए हैं। पहले नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर दावा ठोकने वाले भूपिंदर हुड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि विधानसभा में विधायक दल का नेता चुने जाने को लेकर हम सभी विधायकों ने प्रस्ताव पास करके पार्टी हाईकमान को भेज दिया है। अब फैसला पार्टी हाईकमान के हाथों में है। 13 नवबंर से शुरु होने वाले हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए अब तक नेता प्रतिपक्ष पद की घोषणा नहीं हुई है। रोहतक में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि पार्टी हाईकमान अभी महाराष्ट्र चुनाव में व्यस्त है मेरा मानना है कि पद का फैसला महाराष्ट्र चुनाव के बाद ही होगा। वहीं जब हुड्डा से बिना नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा चलने को लेकर प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि विधानसभा में एक मजबूत विपक्ष है और वैसे भी अभी विधानसभा का सत्र बिना प्रश्न काल के हो रहा है। हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन में तो सुधार हुआ है लेकिन वह बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई थी। कांग्रेस ने विधानसभा में 37 सीटों पर जीत दर्ज की है ऐसे में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस का होगा यह तो तय है लेकिन कौन होगा इस पर अभी चर्चा जारी है। पिछली पंचवर्षीय में भूपिंदर सिंह हुड्डा ही नेता प्रतिपक्ष के पद पर थे।

### खेतों में खूब उठ रहीं आग की लपटें, हरियाणा में पराली जलाने से नहीं बाज आ रहे लोग

**कैथल, एजेंसी।** सरकारों के तमाम प्रतिबंधों और उपायों के बावजूद भी हरियाणा में पराली जलाने पर रोक नहीं लग पाई है। अभी भी खेतों मे भयानक तरीके से जलती हुई पराली देखी जा रही है। पराली के जलने से उड़ा यह धुंआ दिल्ली की सांसे जाम कर रहा है। पराली को जलाने से रोकने के लिए मिनस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज ने कुछ दिन पहले ही नोटिफिकेशन जारी करके पाराली जलाने वाले किसानों पर दोगुना जुर्माना लगाने को कहा था। लेकिन इसके बाद भी हरियाणा और पंजाब में लगातार पराली जलाई जा रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई के सोशल मीडिया पोस्ट में हरियाणा के कैथल में एक खेत में पराली में लगी हुई आग देखी जा सकती है। पूरे खेत में लगी यह आग भयंकर लपटों के साथ जल रही है। हरियाणा के अलावा पंजाब में भी तमाम जुर्मानों और सरकारी सख्ती के बाद भी किसानों ने पराली जलाने को जारी रखा हुआ है। पंजाब के भठिंड़ा में भी खेतों में पराली के जलाने के वीडियो सामने आए हैं। पराली जलाने से किसानों को रोकने के लिए नोटिफिकेशन जारी होने के बाद सीएक्यूएम ने संबंधित राज्यों के अधिकारियों से कहा था कि अगर पराली जलाने के मामले सामने आते हैं तो उन किसानों पर नई दरों के हिसाब से जुर्माना लगाया जाए।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी, घर पहुंची पुलिस तो वहीं दो लाशें और पड़ी थीं

**मंगलुरु, एजेंसी।** मंगलुरु के मुल्की पुलिस थाना क्षेत्र के पक्षीकेरे इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी और चार वर्ष के बेटे की कथित तौर पर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी और उसके बाद ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने ॉ बताया कि पुलिस को आज दोपहर घटना के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आठ नवंबर को अपराह्न 12 बजकर 40 मिनट पर कार्तिक भट्ट (32) ने मुल्की पुलिस थाना क्षेत्र के कलापुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो पाई क्योंकि शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था और घटनास्थल पर कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज भी नहीं मिले। उसने बताया कि आज सुबह घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को एक मोटरसाइकल की चाबी मिली। पुलिस को शक हुआ कि यह चाबी कार्तिक की मोटरसाइकिल की हो सकती है। जिसे उसने संभवतः घटनास्थाल के निकट खड़ा किया होगा।

# अगर इंसाफ है, तो इंडिया सेफ है, अगर संविधान बरकरार है, तो समानता है: असदुद्दीन ओवैसी

**संभाजी नगर, एजेंसी।**
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले पर शनिवार को तीखी प्रतिक्रिया दी। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, पीएम मोदी एक करना चाहते हैं, आरएसएस एक करना चाहता है। मैं प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहता हूं, अगर इंसाफ है, तो इंडिया सेफ है। अगर संविधान बरकरार है, तो समानता है। अगर आंबेडकर जिंदा हैं, तो गोडसे मुर्दा है। मोदी तो महाराष्ट्र चुनाव को मराठा बनाम ओबीसी बनाना चाहते हैं। मैं ह्ळ्ष्ट भाइयों से कहता हूं कि इस साजिश में मत आना।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वे (पीएम मोदी) एक की बात कर रहे हैं। हम अनेक की बात कर रहे हैं। वे एक के नाम पर सबको आपस में लड़ाना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं की 'वोट जिहाद' टिप्पणी पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवाल किया कि क्या वे प्रधानमंत्री के अरब देशों के दौरे के समय भी इसी भाषा इस्तेमाल करते हैं। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या जैसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर में औरंगाबाद मध्य निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत की।

**वोट जिहाद की बात कर रहे फडणवीसः** एआईएमआईएम ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नसीर सिद्दीकी को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला



20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के मौजूदा विधायक प्रदीप जायसवाल और शिवसेना (यूबीटी) के बालासाहेब थोराट से है। ओवैसी ने पूछा, 'उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में वोट जिहाद की बात कर रहे हैं। लेकिन क्या वे उसी भाषा का इस्तेमाल तब भी करते हैं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरब देशों का दौरा करते हैं।' उन्होंने दावा किया कि औरंगाबाद संभाग में 324 किसान आत्महत्या कर चुके हैं, लेकिन कोई इसकी चर्चा नहीं करता है।

ओवैसी ने कहा, 'इसके बजाय, फडणवीस को वोट जिहाद याद आ रहा है। वे सिर्फ एक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उन्हें जवाब देना चाहिए कि वे मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने में विफल क्यों रहे।' उन्होंने मराठाओं, मुसलमानों और दलितों से एकजुट रहने की भी अपील की। ओवैसी कहा कि महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह समय की मांग है कि मराठा, मुस्लिम और दलित एकजुट रहें। सद्भाव से रहें। औरंगाबाद मध्य विधानसभा सीट राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां कार्यकर्ता मनोज जरांगे शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

**ओवैसी बोले- जिहाद कहां से आ गया?:** महाराष्ट्र में कुछ एनजीओ की ओर से वोट जिहाद का प्रचार करने के आरोपों के बारे में ओवैसी से पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि कानून का पालन करते हुए कोई भी चुनाव प्रचार कर सकता है। उन्होंने पूछा कि इसमें जिहाद कहां से आ गया? फडणवीस ने विपक्षी महा विकास आघाडी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीट में से 14 सीट पर वोट जिहाद देखा गया।

## बंगाल में भाजपा कार्यालय में पार्टी नेता की मिली लाश, महिला ने हथियार से हमला करने की बात कबूली

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा कार्यालय के अंदर पार्टी के नेता पृथ्वीराज नस्कर का शव बरामद किया गया, जो सोशल मीडिया अकाउंट का मैनेजमेंट देखते थे। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। खून से लथपथ नस्कर का शव शुक्रवार रात पार्टी कार्यालय में मिला। उसके परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह 5 नवंबर से लापता था। इस घटना को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। पुलिस का कहना है कि हत्या के सिलसिले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और हत्या का कारण व्यक्तिगत हो सकता है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिला ने नस्कर पर धारदार हथियार से हमला करने की बात कबूल की है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच और मोबाइल फोन की जानकारी जुटाने के बाद महिला को पास के इलाके से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने कबूल किया कि उसने अपराध किया है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या उसे किसी और ने मदद की थी या उकसाया था। भाजपा ने शव का पोस्टमार्टम केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल में किए जाने की मांग की है।


**पोस्टर लगाने के लिए मिली थीं धमकियां:** मृतक के पिता अमरेंद्र नस्कर ने आरोप लगाया कि यह एक राजनीतिक हत्या है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को दुर्गा पूजा के दौरान 'अभया के न्याय' के पोस्टर लगाने के लिए धमकियां मिली थीं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने उनके बेटे को यह पोस्टर लगाने के लिए धमकाया था। स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता इमरान हसन ने कहा कि भाजपा आपसी लड़ाई में शामिल थी। उन्होंने सवाल किया कि शव भाजपा कार्यालय में क्यों मिला। पुलिस का कहना है कि हर एक ऐंगल से घटना की जांच की जा रही है। गिरफ्तार की गई महिला से भी आगे का सवाल-जवाब जारी है।

## सच का सामना हमेशा झूठ के साथ होता है और समय आने पर सच की जीत होती है: सीएम सुक्खू

**मुंबई, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में टॉयलेट टैक्स के बाद अब समोसा कांड काफी चर्चा में है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहली बार इस मुद्दे पर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा, सच का सामना हमेशा झूठ के साथ होता है और समय आने पर सच की जीत होती है। सीएम सुक्खू ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तंज भरे लहजे में कहा कि जब मैं कांग्रेस के दफ्तर पहुंचा तो पवन खेड़ा ने मुझे समोसा खिलाया। तब मैंने पूछा कि यहां की राजनीति समोसे पर हो रही है या फिर विकास, महिलाओं के सम्मान पर हो रही है।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की तरह हिमाचल में भी ऑपरेशन लोटस हुआ। जिन गलतियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता हर बार सियासी रोटियां सेंकते हैं, मैं पहले उनपर बात करना चाहता हूं। हमारी सरकार ने पहली ही कैबिनेट में सभी सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम से नवाजा है। इसके अलावा अपने वादों को पूरा करने में सरकार ने कसर नहीं छोड़ी है।

**क्या है समोसा कांड:** 21 अक्टूबर को सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू सीआईडी के कार्यालय गए थे। यहां समोसे और केक का ऑर्डर दिया गया था। लेकिन हुआ यह कि खाने के ये सामान सीएम तक नहीं पहुंचे और सुरक्षाकर्मियों को परोस दिए गए। इसके बाद इस मामले की सीआईडी जांच शुरू हो गई।



जांच में कहा गया कि सीएम के लिए लाए गए समोसे और केक को स्टाफ को परोस दिया गया। एक सीनियर अधिकारी ने लिखा, सीआईडी इस कृत्य का विरोध करती है। जांच में पता चला कि अधिकारियों और कर्मचारियों की गलती से खाने का सामान सीएम के स्टाफ को परोस दिए गए। एक अधिकारी ने लिखा कि कुछ लोगों ने सीआईडी विरोधी और सरकार विरोधी काम किया है। इसीलिए समोसे और केक वीवीआईपी तक नहीं पहुंचे। एक अजेंडे के तहत यह काम किया गया है। समोसे और केक का ऑर्डर शिमला के रेडिशन ब्लू होटल से दिया गया था। होटल से समोसे और तीन डिब्बे केक आया था और एक महिला अधिकारी ने इसे रिसीव किया था। पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने दावा किया कि ड्यूटी पर मौजूद पर्यटन विभाग के कर्मियों ने कहा था कि बक्से की चीजें सीएम के खाने के मेन्यू में नहीं थीं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दोस्ताना मुकाबलों की लहर, 29 सीटों पर आपस में लड़ेंगे सहयोगी दल

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। लेकिन 288 में से 29 सीटें ऐसी हैं, जहां पर दोनों गठबंधन के सहयोगियों के बीच में दोस्ताना लड़ाई देखने को मिलेगी। दोस्ताना लड़ाई के इस मुकाबले में महाविकास अघ्याड़ी के लिए मुकाबला थोड़ा मुश्किल हो गया है क्योंकि इंडिया गठबंधन के छोटे सहयोगी दलों ने भी अपने प्रत्याशियों को भी विधानसभा चुनाव के रण में उतार दिया है।

दोस्ताना मुकाबला सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के लिए थोड़ा आसान नजर आता है क्योंकि उसे एमवीए की तुलना में कम ही सीटों पर यह लड़ाई लड़नी है। महायुति के सहयोगी दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के बीच मानखुर्द शिवाजीनगर (मुंबई), आष्टी (बीड), सिंधखेड राजा (बुलढाणा), कटोल (नागपुर), मोर्शी (अमरावती), डिंडोरी (नासिक), श्रीरामपुर (अहमदनगर) और पुरंदर (पुणे) पर चुनावी मुकाबला होगा।

**महाविकास अघ्याड़ी के लिए कठिन है रास्ता:** शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरद चंद्र पवार) और कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन के बीच 21 विधानसभा सीट पर इस तरह का



मुकाबला होगा। प्रमुख मुकाबलों में से एक नांदेड़ उत्तर सीट पर होगा, जहां कांग्रेस के अब्दुल गफूर और शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार संगीता पाटिल मैदान में हैं। दोस्ताना मुकाबले वाली अधिकांश सीटों पर एमवीए सहयोगी पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी आफ इंडिया (पीडब्ल्यूपीआई), समाजवादी पार्टी और वामपंथी दलों द्वारा खड़े किये गए उम्मीदवारों के साथ-साथ चुनाव लड़ रहे हैं। इन सीटों पर समाजवादी पार्टी ने जहां ने जहां 8 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है तो वहीं पैंथर्स पार्टी ने भी 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

**गठबंधन में सीट मांगी मिली नहीं- पीडब्ल्यूपीआई:** पीडब्ल्यूपीआई के नेता ने दोस्ताना मुकाबले को लेकर कहा कि हमने गठबंधन में 6 सीटें मांगी थीं जहां पर हम मजबूत स्थिति में थे लेकिन फिर भी वहां पर बड़ी पार्टियों ने अपने उम्मीदवार उतारे। उन्होंने हमें सीटें ही नहीं दी तो फिर पार्टी का जहां भी प्रभाव है,वहां पर पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे, क्योंकि पार्टी को भी चुनावों में अपने वोट प्रतिशत के निश्चित मानदंडों को पूरा करना था। गठबंधन के मतों में सेंध लगाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसा होगा लेकिन हम क्या कर सकते हैं? हमने बड़ी पार्टियों से सीटें मांगीं लेकिन वे अड़े रहे।

**उन्हें लगता है अकेले दम पर जीत जाएंगे- समाजवादी पार्टीः** समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने इस साल की शुरुआत में एक साक्षात्कार में कहा था कि महा विकास आघाडी को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए था, लेकिन इसने उनकी पार्टी को बातचीत के लिए भी नहीं बुलाया। उन्होंने कहा कि वे (एमवीए) सोचते हैं कि वे अपनी ताकत के दम पर चुनाव जीत सकते हैं और हमारी (सपा) की कोई जरूरत नहीं है। सोलापुर सिटी सेंट्रल में माकपा उम्मीदवार नरसया आदम और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा, जबकि वानी निर्वाचन क्षेत्र में भाकपा उम्मीदवार हेपट और शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार संजय डेरकर मैदान में हैं। महायुति में, शिवसेना और राकांपा के उम्मीदवार पुरंदर, डिंडोरी, मानखुर्द शिवाजी नगर, सिंदखेडराजा और श्रीरामपुर में दोस्ताना मुकाबले में हैं। राकांपा और भाजपा के बीच कटोल, मोर्शी और आष्टी में मुकाबला होगा।

## जोरदार धमाके से दहला पाकिस्तान का क्वेटा शहर, कम से कम 20 की मौत, दर्जनों घायल

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर तेज बम धमाके की जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक इस विस्फोट में कम से कम 20 की जान चली गई है और दो से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक ट्रेन रवाना होने से पहले टिकट काउंटर के पास भारी भीड़ के बीच विस्फोट हुआ है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की भी आशंका है। जानकारी के मुताबिक मौके पर राहत बचाव टीम पहुंची है और पुलिस हादसे की जांच में लगी है। जानकारी के मुताबिक क्वेटा शहर में दो धमाके हुए हैं। दूसरे धमाके में भी करीब 15 लोग घायल हुए हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी किसी संगठन ने अब तक नहीं ली है। पाकिस्तान में इस तरह की आतंकी घटनाएं आम हो गई हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, ऐसा लगता है कि यह आत्मघाती हमला था। हालांकि



इसके बारे में कुछ स्पष्ट कहना अभी जल्दबाजी होगी। घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, विस्फोट के दौरान वहां आसपास करीब 100 लोग मौजूद थे। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि आसपास के अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है। घायलों का इलाज पहले किया जा रहा है। बीते दिनों उत्तर वजीरिस्तान इलाके में बम धमाका हुआ था जिसमें चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा के पास धमाका हुआ। सप्ताहभर पहले बलूचिस्तान में एक स्कूल के पास धमाका हुआ था जिसमें पुलिस के जवानों के साथ स्कूल के पांच मासूमों की भी मौत हो गई थी। आए दिन पोलियो वैक्सीन वाहन को भी निशाना बनाया जाता है। हमले के जवाब में, कार्यवाहक राष्ट्रपति सैयद यूसुफ रजा गिलानी ने अपराधियों की निंदा की, तथा निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने के लिए उन्हें मानवता का दुश्मन करार दिया। उन्होंने आतंकवाद से निपटने तथा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने भी हमले की निंदा की तथा संबंधित अधिकारियों को घटना की गहन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि प्रांतीय सरकार बलूचिस्तान के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ट्रंप की जीत से फिलिस्तान और लेबनान में बढ़ा खौफ, लोग बोले- अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं, अब हमारी और...

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अगले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस को हराकर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में वापसी की है। 20 जनवरी 2025 को ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। जहां ट्रंप के समर्थक उत्साहित हैं, वहीं फिलिस्तीन और लेबनान में कई लोग उनकी जीत को लेकर खौफ में और चिंतित हैं। गाज़ा में रहने वाले 87 वर्षीय अबू अली ने अपनी चिंताओं को अल जज़ीरा के साथ साझा करते हुए कहा, ÷मुझे अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। ट्रंप के शासन में मुझे उम्मीद है कि जंग और ज्यादा बिगड़ जाएगी।÷ उन्होंने ट्रंप के शासन को एक अंधेरे भविष्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह हो सकता है कि वे हमें इज़राइल से जिंदा छुड़वा दें और कहीं और भेज दें। अबू



अली ने कहा कि कोई भी अमेरिकी नेतृत्व केवल फिलिस्तीनी लोगों के रहम-ओ-करम पर निर्भर करता है। उनका मानना है कि इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच का संघर्ष सिर्फ एक लड़ाई नहीं है बल्कि इज़राइल का एक नरसंहार है। लेबनान में भी लोग ट्रंप की जीत को लेकर चिंता में हैं। वहाँ के नागरिकों का मानना है कि ट्रंप इज़राइल के समर्थन में रहेंगे। लेबनान की राजनीतिक संरचना विभिन्न धार्मिक समुदायों का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें राष्ट्रपति ईसाई, प्रधानमंत्री सुन्नी मुस्लिम और संसद के स्पीकर शिया मुस्लिम हैं। इस स्थिति के कारण, प्रत्येक समुदाय की ताकत का बंटवारा होता है। अली सलीम, एक लेबनानी नागरिक, ने अल जज़ीरा को बताया, ÷जब ट्रंप अध्यक्ष बनेंगे, तो जंग जारी रहेगी। वे शांति वार्ता का प्रस्ताव ला सकते हैं, लेकिन यह इज़राइल के पक्ष में होगा, न कि लेबनान या हिज़्बुल्लाह के लिए।÷ उन्होंने कहा कि ट्रंप एक विकल्प पेश करेंगे, ÷क्या आप युद्ध खत्म करना चाहते हैं या नहीं÷ यदि लेबनान वाले इसे अस्वीकार करते हैं। तो युद्ध का जारी रहना तय है। हाल ही में, इज़राइल ने दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी में अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिससे कई नागरिकों के घर बर्बाद हो गए हैं और स्थायी विस्थापन का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में, ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने से क्षेत्र में हालात और बिगड़ने की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

## शेख हसीना के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी कर सकता है बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।**
अंतरिम सरकार के विधि सलाहकार आसिफ नजरूल ने आज कहा है, कि सरकार जुलाई और अगस्त में छात्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं और नरसंहार में कथित रूप से शामिल भगोड़ों को गिरफ्तार करने और देश वापस लाने के लिए इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध करेगी। सलाहकार आसिफ नजरूल ने आज सुबह अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मामले की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद कहा, यह कदम जल्द ही उठाया जाएगा। न्यायाधिकरण, बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय परिसर में पुराने उच्च न्यायालय भवन में स्थित है। उन्होंने कहा, हम ईमानदारी से काम करेंगे और उन्हें, जहां कहीं भी वे छिपे हों, वहां से वापस लाने को प्राथमिकता देंगे।

आपको बता दें, कि जुलाई-अगस्त में हुए जन-विद्रोह के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए थे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी के कई लोगों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से ज्यादा शिकायतें आईसीटी जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के पास अक्टूबर के मध्य तक दर्ज की गई हैं। आपको बता



दें, कि भीषण प्रदर्शन के बाद शेख हसीना भागकर भारत आ गई थीं और उसके बाद से भारत में ही रह रही हैं। मोदी सरकार ने शेख हसीना को फिलहाल शरण दे रखा है और उनका अगला कदम क्या होगा, फिलहाल इसको लेकर स्थिति साफ नहीं हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से कई बार मौखिक तौर पर भारत से शेख हसीना को वापस सौंपने की मांग की गई है, लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक, अभी तक आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश की सरकार की तरफ से शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग नहीं की गई है।

**भारत और बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधिः** भारत और बांग्लादेश ने 2013 में एक प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसे 2016 में संशोधित किया गया था. ताकि दोनों देशों के बीच भगोड़ों के आदान-प्रदान को आसान और तेज बनाया जा सके। लेकिन, अभी तक प्रत्यर्पण का अनुरोध भारत सरकार को नहीं मिला है। यह संधि कई भारतीय भगोड़ों, खास तौर पर पूर्वोत्तर के उग्रवादी समूहों से जुड़े लोगों के बांग्लादेश में छिपे होने और वहां से अपनी गतिविधियां चलाने को लेकर अस्तित्व में आई थी। इसका मकसद, बांग्लादेश में छिपे ऐसे लोगों की तत्काल भारत में वापसी सुनिश्चित करनी थी और बांग्लादेश को ऐसे लोग पनाहकार ना बनाएं, उसे भी सुनिश्चित करना था।

इसके अलावा, बांग्लादेश को भी जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) जैसे संगठनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिनके कार्यकर्ता भारत के पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में छिपे पाए गए थे।

### कंबोडिया ने मनाई आजादी की 71वीं वर्षगांठ, राजधानी में हुआ भव्य कार्यक्रम

**नोम पेन्ह , एजेंसी।** कंबोडिया ने शनिवार को फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन से अपनी स्वतंत्रता की 71वीं वर्षगांठ मनाई। यह समारोह देश के राजा नोरोदम सिहामोनी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री हुन मानेट, सीनेट के अध्यक्ष समदेच तेचो हुन सेन और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष खुओन सुदरी ने भाग लिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राजधानी नोम पेन्ह में स्वतंत्रता स्मारक पर आयोजित एक घंटे के कार्यक्रम में हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें विदेशी राजनयिकों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान, सिहामोनी ने देश की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में स्वतंत्रता स्मारक के अंदर पुष्पांजलि अर्पित की और औपचारिक विजय अग्नि प्रज्वलित की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129